**शहर में आज**



- कलेक्ट्रेट सभागार में महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय/स्वैच्छिक संस्थाओं के कार्यों की समीक्षा- 12:00 बजे से।
- बिरजू महाराज कथक संस्थान में दृश्य कला के सौन्दर्य तत्व : नृत्य के संदर्भ में विषय पर राज्य ललित कला अकादमी के अध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार विश्वकर्मा का व्याख्यान- 4:00 बजे से।

पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

# 1800 करोड़ का बजट फिर ठेके पर जांचें

## केजीएमयू में पीपीपी मॉडल की मशीनें आए दिन खराब रहने से मरीज परेशान, राजस्व का भी नुकसान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** 1800 करोड़ के भारी भरकम बजट वाले प्रदेश के सबसे बड़े चिकित्सा संस्थान केजीएमयू में ज्यादातर जांचें और इलाज पीपीपी मॉडल पर संचालित किया जा रहा है। ऐसा तब है जब संस्थान के पास अपने तमाम और पर्याप्त संसाधन मौजूद हैं। पीपीपी मॉडल पर संस्थान को महज कुछ कमीशन ही मिलता है, जबकि मुख्य परिसर में प्राइवेट कमरों से संस्थान को गत वर्ष 60 लाख रुपये कमाए थे, इसके बावजूद पीपीपी मॉडल पर ही जोर दिया जा रहा है। पीपीपी मॉडल पर संस्थान को तो आर्थिक नुकसान हो ही रहा है, मरीजों को भी परेशान होना पड़ता है।

किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) को मरीजों को किफायती और आधुनिक इलाज उपलब्ध कराने के लिए शासन से भारी भरकम बजट मिलता है। इसके अलावा ओपीडी पर्चे, पैथोलॉजी और रेडियोलॉजी सेवाओं से भी आय होती है। इसके बावजूद कई सुविधाओं का निजीकरण किया जा रहा है।

जानकारों का कहना है कि बड़े बजट और संसाधनों के बावजूद बुनियादी चिकित्सा सेवाएं निजी हाथों में देना संस्थान की कार्यप्रणाली पर प्रश्न तो है ही, बल्कि मरीजों के लिए सस्ती और सुलभ चिकित्सा का उद्देश्य को भी कमजोर करता है। संस्थान के पैथोलॉजी विभाग की लगभग 80 प्रतिशत जांचें निजी कंपनियों के हवाले कर दी गई हैं। ओपीडी में आने वाले 3 से 4 हजार मरीजों की रोजाना जांचें होती हैं। इसके अलावा भर्ती मरीजों की जांचें भी कराई जाती हैं। इन जांचों से बड़ा लाभ निजी एजेंसियों को होता है, जबकि संस्थान को सीमित कमीशन ही मिलता है।

ओपीडी और ट्रॉमा सेंटर में सीटी स्कैन जैसी महत्वपूर्ण सेवा भी ठेके पर है। हाल ही में ट्रॉमा सेंटर की सीटी स्कैन मशीन खराब हो गई थी, जिसे ठीक होने में कई दिन लग गए। लिंब सेंटर में एक्सरे मशीन का संचालन भी पीपीपी मॉडल पर किया जा रहा है। यूरोलॉजी विभाग में लिथोट्रिप्सी मशीन कई महीने से खराब है। अल्ट्रासाउंड जांचें भी ठेके पर संचालित थीं, जहां कार्यरत डॉक्टर को गंभीर आरोपों के बाद हटा दिया गया। केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह का कहना है कि मरीजों को किफायती दरों पर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। कुछ सेवाएं पीपीपी मॉडल पर संचालित हैं, लेकिन संस्थान अपने संसाधनों को भी लगातार बढ़ा रहा है।

### प्राइवेट वार्ड और डायलिसिस यूनिट भी पीपीपी मॉडल पर

- क्वीनमेरी में प्राइवेट वार्ड का संचालन भी पीपीपी मॉडल पर किया जा रहा है। बुनियादी सुविधाओं का खर्च तो केजीएमयू ही उठा रहा है, लेकिन संचालन ठेकेदार कर रहे हैं। इसके विपरीत मुख्य परिसर में प्राइवेट कमरों से संस्थान को पिछले वर्ष लगभग 60 लाख रुपये की आय हुई। नेफ्रोलॉजी विभाग के तहत संचालित 28 बेड की डायलिसिस यूनिट में रोजाना 100 से अधिक मरीजों का इलाज होता है। संस्थान के पास पर्याप्त संसाधन होने के बावजूद ये सेवा भी ठेके पर दी गई है।



केजीएमयू के लिंब सेंटर में एक्स-रे कक्ष के बाहर बैठे मरीज व तीमारदार। अमृत विचार

### एक्स-रे केंद्र पर अधिक रुपये वसूलने पर तीमारदारों ने किया हंगामा

- **अमृत विचार, लखनऊ :** केजीएमयू के लिंब सेंटर में बुधवार को एक्सरे जांच का अधिक शुल्क वसूलने पर तीमारदारों ने हंगामा कर दिया। इन तीमारदारों ने पीपीपी मॉडल पर संचालित जांच केंद्र पर रसीद न देने का आरोप भी लगाया है। लिंब सेंटर में रोजाना हड्डी संबंधी सैकड़ों मरीज पहुंचते हैं। डॉक्टर की सलाह पर मरीजों को यहीं एक्सरे कराया जाता है। बुधवार को भी 50 से अधिक मरीज जांच के इंतजार में बैठे थे। कुछ तीमारदारों ने शुल्क की रसीद मांगी, लेकिन काउंटर पर मौजूद कर्मचारियों ने रसीद देने से मना कर दिया। इस पर तीमारदारों ने नाराजगी जताई, कुछ देर बाद हंगामा शुरू हो गया। गोरखपुर के प्रशांत ने बताया कि कमर के एक्सरे के लिए 150 रुपये और हरदोई की रोली ने बताया कि पैर के एक्सरे के लिए 300 रुपये वसूले लिए गए। मिश्रिख के शिवशंकर पांडेय और नीरज दुबे से 300-300 रुपये लेने के बावजूद रसीद देने में टालमटोल का आरोप लगाया। लखीमपुर के गोला से आई एक महिला से 7 वर्षीय बच्चे के एक्सरे के लिए 300 रुपये मांगे गए। महिला ने निर्धारित शुल्क 270 रुपये होने की बात कहकर रसीद मांगी, तो कर्मचारी ने 30 रुपये लौटा दिए। रसीद शाम को देने की बात कही। विशेषज्ञों के अनुसार पीपीपी मॉडल पर संचालित इस सुविधा में प्रत्येक जांच में केजीएमयू को भी हिस्सा मिलता है। शुल्क की रसीद न देने से मरीज के साथ ठगी तो है ही संस्थान के राजस्व को भी नुकसान है।

### एक्स-रे कक्ष में सुरक्षा प्रोटोकॉल का भी उल्लंघन

- एक्सरे कक्ष में सुरक्षा प्रोटोकॉल के उल्लंघन की भी शिकायतें आई हैं। जिस कक्ष में एक्सरे किया जा रहा था, वहीं शुल्क जमा करने और रिपोर्ट वितरण का काउंटर भी संचालित है। मरीजों के साथ आए परिजन, बच्चे और बुजुर्ग भी उसी कक्ष में मौजूद रहे। विशेषज्ञों के अनुसार, इससे अनावश्यक रेडिएशन के संपर्क का खतरा बढ़ जाता है, जो त्वचा में जलन, बाल झड़ने और डीएनए को नुकसान जैसी गंभीर समस्याएं पैदा कर सकता है। केजीएमयू प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि इसकी जांच कराई जाएगी। यदि अधिक शुल्क वसूलने की पुष्टि होती है तो नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही शुल्क की रसीद देने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी।

### लिथोट्रिप्सी मशीन खराब होने से मरीजों को दिक्कत

**अमृत विचार, लखनऊ :** केजीएमयू में किडनी पथरी की बिना सर्जरी वाले इलाज में उपयोग होने वाली लिथोट्रिप्सी मशीन करीब दो महीने से खराब पड़ी है, जिससे मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हर महीने करीब 20 मरीज इस सुविधा के लिए आते हैं, लेकिन मशीन बंद होने के कारण उन्हें या तो इंतजार करने या फिर सर्जरी जैसे वैकल्पिक तरीकों को अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। लिथोट्रिप्सी मशीन का इस्तेमाल 5 से 20 मिमी तक की किडनी पथरी के इलाज में किया जाता है, जिसमें बिना सर्जरी के पथरी को तोड़ा जाता है। इस सुविधा के ठप होने से खासतौर पर आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों पर असर पड़ रहा है। प्रतापगढ़ निवासी 42 वर्षीय रमेश यादव पिछले सप्ताह इलाज के लिए केजीएमयू पहुंचे थे। उन्हें बताया गया कि अभी मशीन खराब है। एक सप्ताह ठीक होने में लगेगा। उन्हें 5 मई को दोबारा इलाज के लिए बुलाया गया, लेकिन उन्हें निराशा मिली। रमेश ने कहा मेरे पास इंतजार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है, क्योंकि निजी अस्पतालों में इलाज बहुत महंगा है। केजीएमयू के प्रवक्ता प्रो. केके सिंह ने बताया कि मशीन को जल्द ठीक कराने के लिए संबंधित एजेंसी को अवगत करा दिया गया है। जल्द ही मशीन को ठीक करा लिया जाएगा, ताकि मरीजों को राहत मिल सके।

# मरीज से मंगाकर मेडिकल स्टोर को बेचीं दवाएं व लेंस

- एचआरएफ मेडिकल स्टोर की सस्ती दवाओं से हुआ इलाज
- दवाओं के कमीशन की राशि का बंदरबांट होने की आशंका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** केजीएमयू के नेत्र रोग विभाग में बाहर से दवाएं और लेंस मंगाने की जांच -जैसे आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे नए खुलासे हो रहे हैं। जांच कमेटी को ये भी जानकारी मिली है कि मरीजों से जबरिया बाहर से मंगाई गई दवाएं पीछे के दरवाजे से मेडिकल स्टोर को लौटा दी जाती थीं। उसके बाद अस्पताल के रिवॉल्विंग फंड (एचआरएफ) मेडिकल स्टोर से मरीज के लिए सस्ती दवाएं मंगाई जाती थीं।

किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के नेत्र रोग विभाग में इलाज कराने आए गोरखपुर निवासी मरीज ने विभाग के एक डॉक्टर की शिकायत की थी। इसमें आरोप लगाया कि उससे 18 हजार रुपये की दवाएं और लेंस निजी मेडिकल स्टोर से मंगवाए गए। अन्य मरीजों ने मुख्यमंत्री पोर्टल और उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से शिकायत की थी। इसी के आधार पर केजीएमयू प्रशासन की ओर से गठित चार सदस्यीय समिति जांच कर रही है।

टीम गोरखपुर जाकर मरीज व उसके परिजनों के बयान दर्ज कर चुकी है। पिछले छह माह में ऑपरेशन करा चुके करीब 30 मरीजों का डाटा भी खंगाला। इन मरीजों का इलाज आरोपी डॉक्टर की देखरेख में हुआ था। जांच समिति ने 17 मरीजों से फोन पर बातचीत कर उनके बयान दर्ज किए और इलाज से जुड़े दस्तावेज भी मांगे।



डॉक्टर ने रखा निजी कर्मचारी, जबरिया बाहर से मंगवाए लेंस-दवाएं

अमृत विचार में बुधवार को प्रकाशित खबर।

डॉक्टर ने कथित तौर पर एक निजी कर्मचारी को रखा, वही ओपीडी में मरीजों को बाहर की दवा लिखी पर्ची देता और उन्हें एक विशेष मेडिकल स्टोर से दवा खरीदने के लिए दबाव बनाता था।

स्टोर में बिना पक्का बिल दिए महंगी दवाएं दी जाती थीं। ऑपरेशन के दौरान इस्तेमाल होने वाली कुछ दवाएं रोक कर बाकी मेडिकल स्टोर को वापस कर दी जाती थी। पैसे से ही एचआरएफ स्टोर से दवाएं मंगाईजाती थीं। निजी मेडिकल स्टोर से मिली राशि की बंदरबांट होने की आशंका जताई जा रही है। जांच कमेटी ने इस पूरे मामले में तेजी लाते हुए साक्ष्य जुटाने शुरू कर दिए हैं। सूत्रों के मुताबिक, कमेटी को कई अहम सुराग हाथ लगे हैं और आने वाले दिनों में इस मामले में और बड़े खुलासे संभव हैं। केजीएमयू प्रवक्ता डॉ. केके सिंह का कहना है कि कमेटी की जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**सिटी ब्रीफ**

### प्रफुल्ल ने संभाला सीडीओ का चार्ज



**अमृत विचार, लखनऊ :** रायबरेली से तबादला होकर आए प्रफुल्ल कुमार शर्मा ने मुख्य विकास अधिकारी लखनऊ का कार्यभार ग्रहण किया। वह रायबरेली में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट तैनात रहे। वह 2022 बैच के आईएएस हैं। रायबरेली से पहले बुलंदशहर में असिस्टेंट मजिस्ट्रेट के पद पर तैनात रह चुके हैं। उन्होंने बताया कि शासन के दिशा-निर्देशों पर काम करेंगे। जिले का विकास कराना प्राथमिकता में है। साथ ही सरकारी योजनाओं से अधिक से अधिक पात्रों को लाभान्वित करेंगे।

### एनआरएलएम कर्मियों का मानदेय बकाया

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत प्रदेश भर में तैनात कर्मचारियों को तीन माह से मानदेय नहीं मिला है। बिना मानदेय कर्मचारियों की भरण-पोषण की समस्या है। जिले पर जिला मिशन मैनेजर, ब्लॉक मिशन मैनेजर व कम्प्यूटर ऑपरेटर सैकड़ों की संख्या में तैनात हैं। मानदेय भुगतान व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने संबंधित आदेश भी जारी हो चुका है। पूर्व में कर्मियों ने धरना-प्रदर्शन कर चुके हैं।

### महंगाई भत्ते में वृद्धि का किया स्वागत

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंडियन पब्लिक सर्विस इम्प्लाइज फेडरेशन (इप्सेफ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी मिश्र, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एसबी सिंह, महासचिव प्रेमचन्द्र और उपमहासचिव अतुल मिश्र ने महंगाई भत्ते में दो प्रतिशत की वृद्धि का स्वागत किया है। संगठन ने कहा कि बढ़ती महंगाई को देखते हुए तीन प्रतिशत वृद्धि की मांग की गई थी, जिसे अभी पूरा किया जाना बाकी है। पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के निर्णय की सराहना करते हुए आशा जताई कि प्रधानमंत्री इस माह वार्ता के लिए समय देंगे। उन्होंने कहा कि संवाद से सरकार और कर्मचारियों के बीच आपसी सद्भाव का वातावरण मजबूत होगा।

### बिना सूचना बदले ट्रेनों के रूट, यात्री परेशान

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रयागराज और लखनऊ रेल मंडल क्षेत्र में चल रहे मरम्मत और यार्ड सुधार कार्य के कारण 40 से अधिक ट्रेनों के रूट बदल दिए गए हैं। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इससे कई ट्रेनों को अयोध्या कैंट-सुलतानपुर-प्रयागराज या फेफना-मऊ-शाहगंज जैसे वैकल्पिक और लंबे मार्गों से चलाया जा रहा है। यात्रा अवधि बढ़ने से कई ट्रेनें निर्धारित समय से काफी देर से पहुंच रही हैं। इसके अलावा बांद्रा टर्मिनस-लखनऊ और पुणे-लखनऊ को कानपुर सेंट्रल तक ही सीमित कर देने से भी परेशानी बढ़ी है। रूट बदलने से वाराणसी, गाजीपुर सिटी, औंड़िहार, केराकत स्टेशनों पर ट्रेनों का ठहराव रद्द कर दिया गया है। वंदे भारत, कृषक एक्सप्रेस, गोमतीनगर एक्सप्रेस और छपरा-दिल्ली एक्सप्रेस जैसी प्रमुख ट्रेनें भी इस बदलाव से प्रभावित हुई हैं।

### भुगरा की छापा कला प्रदर्शनी शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** जापलिंग रोड स्थित कोकोरो आर्ट गैलरी में बुधवार को प्रख्यात छापाकार मनोहर लाल भुगरा की कृतियों पर केन्द्रित प्रदर्शनी छापा...जीवन की छाप की शुरुआत हुई। प्रदर्शनी का उद्घाटन कला एवं शिल्प महाविद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य और वरिष्ठ छापा कलाकार डॉ. जय कृष्ण अग्रवाल ने किया। डॉ. वंदना सहगल के संयोजन में शुरू हुई यह प्रदर्शनी केवल एक कलाकार की कृतियों का प्रदर्शन नहीं, बल्कि भारतीय छापाकला की ऐतिहासिक यात्रा, उसके सौंदर्यबोध और समकालीन प्रासंगिकता का एक सशक्त सांस्कृतिक दस्तावेज है।





बुधवार को गर्मी बढ़ने पर गोमती नदी में नहाती बतख और गमछा ओढ़कर जाते बच्चे।

### धूप निकली तो 5.3 डिग्री चढ़ा पारा

- **अमृत विचार, लखनऊ :** शहर में बुधवार को सुबह से धूप निकली तो पारा करीब 5.3 डिग्री सेल्सियस चढ़कर 33.3 डिग्री पहुंच गया, जो सामान्य से 6.4 डिग्री कम था। हालांकि दोपहर में मौसम बदला और अचानक बादल छा गए लेकिन तेज हवा के झोंके बादल अपने साथ उड़ा ले गए। न्यूनतम तापमान भी 1 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 21 डिग्री पर पहुंच गया, जो सामान्य से 3.3 डिग्री कम था। मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार को भी राजधानी और आस-पास कहीं-कहीं बादल छाए रहेंगे। हल्की बारिश की संभावना है, जिससे मौसम में ठंडक बनी रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार 8 अप्रैल के बाद मौसम शुष्क रहेगा, जिससे एक हफ्ते में तापमान में 5-7 डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी की संभावना है।

# नगर निगम ने पार्कों के अनुरक्षण के लिए शासन से मांगी अनुमति

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** नगर निगम को पार्कों के अनुरक्षण के लिए शासन से अनुमति लेनी पड़ेगी। दरअसल नगर निगम में वार्ड वार पार्कों के अनुरक्षण की नगर निगम कार्यकारिणी और सदन में सहमति बनी थी। लेकिन वार्ड वार वार्षिक अनुरक्षण कार्य की लागत 30 लाख रुपये से अधिक आ रही है। इसलिए नगर निगम ने शासन से अनुमति मांगी है।

नगर निगम के उद्यान विभाग ने इसके लिए नगर विकास विभाग को पत्र भेजा है। अनुमति मिलने के बाद ई-टेंडर के माध्यम से ठेकेदारों का चयन किया जाएगा। नगर निगम सीमा में छोटे-बड़े मिलाकर लगभग 2500 पार्क हैं। 10 लाख से कम लागत के अनुरक्षण कार्य मैनुअल कराए जाते हैं। अभी नगर निगम में पुरानी व्यवस्था के तहत प्रति वर्ग फुट करीब 4.25 रुपये की दर से ठेकेदारों को पार्कों के अनुरक्षण कार्य का भुगतान किया जा रहा है।

सदन की बैठक में अनुरक्षण की दर बढ़ाकर लगभग 7 रुपये प्रति वर्ग फुट कर दी गई है। लेकिन यह व्यवस्था नए वित्तीय वर्ष से लागू नहीं हो पाई है। अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव ने कहा कि पार्कों के वार्ड वार अनुरक्षण कार्य के लिए अभी टेंडर नहीं हो पाए हैं।

प्रत्येक टेंडर में वार्षिक अनुरक्षण पर करीब 30 लाख रुपये से अधिक खर्च आ रहा है। इसलिए शासन से अनुमति मांगी गई है। अनुमति मिलते ही ई-टेंडर कराके ठेकेदार चयनित किए जाएंगे।

### सड़क पर खड़ीं मिलीं क्रेन तो लगाया जुर्माना

- **अमृत विचार, लखनऊ :** स्वच्छ सर्वेक्षण को देखते हुए महापौर सुषमा खर्कवाल ने बुधवार को नगर आयुक्त गौरव कुमार के साथ जोन 1 में साफ-सफाई, रोड स्वीपिंग, पार्किंग व्यवस्था एवं विकास कार्यों का जायजा लिया। बालाकदर रोड स्थित ओल्ड एलडीए कार्यालय के पास अवैध रूप से खड़ीं क्रेनों पर नाराजगी व्यक्त की। जोनल अधिकारी को प्रत्येक वाहन पर 25-25 हजार रुपये जुर्माना लगाने का आदेश दिया। अमीनाबाद स्थित मल्टी लेवल पार्किंग परिसर में महापौर को अवैध तरीके से वाहन खड़े मिले। जिस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और परिसर में खड़े ठेलों को तत्काल जब्त करने के जोनल अधिकारी को निर्देश दिए। अमीनाबाद में निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर समय से कूड़ा नहीं उठने की शिकायत मिलने पर महापौर ने कार्यदाई संस्था लखनऊ स्वच्छता अभियान (एलएसए) पर 1 लाख रुपये का जुर्माना लगाया।

**निरीक्षण** रेजिडेंसी के पास प्लेसमेकिंग कार्य धीमा होने पर एलडीए उपाध्यक्ष ने लगाया कार्यदायी संस्था पर डेढ़ लाख रुपये जुर्माना

# हुसैनाबाद में रूमी गेट के पास बनेगी 450 वाहनों के लिए पार्किंग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण हुसैनाबाद में रूमी गेट के पास जाम से निजात दिलाने के लिए बड़ी पार्किंग बनाएगा। इसमें बसों के साथ लगभग 450 बड़े-छोटे वाहन खड़े हो सकेंगे। बुधवार को उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने हेरिटेज जोन का निरीक्षण करके अधिकारियों को यह निर्देश दिए। रेजिडेंसी के पास प्लेसमेकिंग कार्य की धीमी प्रगति पर कार्यदायी संस्था मेसर्स एफएन एंड कंपनी पर डेढ़ लाख का जुर्माना लगाया है।

उपाध्यक्ष ने बताया कि हुसैनाबाद में रूमी गेट के पास वाहनों की अवैध पार्किंग से लोगों को जाम से परेशानी होती है। इससे इमामबाड़ा, घंटाघर, रूमी दरवाजा समेत हेरिटेज जोन में घूमने के लिए आने वाले पर्यटकों को भी दिक्कत होती है। इसे ध्यान में रखते हुए क्षेत्र का सर्वे कराया था। इसमें रूमी गेट के बगल में पार्किंग के लिए लगभग 9 हजार वर्गमीटर भूमि चिन्हित की है। यहां 15 बसें, 150 चार पहिया वाहन व लगभग 300 दो पहिया वाहनों के लिए पार्किंग बनेगी। इसमें तीन करोड़ रुपये खर्च होगा। पार्किंग में वाहनों के प्रवेश व निकासी के लिए रूमी गेट के बगल से 14 मीटर चौड़ा कॉरिडोर बनेगा।

इसके अलावा पार्किंग से पैदल यात्रियों की निकासी के लिए मुसाफिर खाना गेट से वैकल्पिक मार्ग दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त हुसैनाबाद स्थित फूड कोर्ट के पीछे निर्माणाधीन लाइब्रेरी के पास लगभग 700 वर्गमीटर क्षेत्रफल में पार्किंग विकसित की जाएगी। हुसैनाबाद क्षेत्र में इन दो स्थानों पर पार्किंग बनने से न सिर्फ क्षेत्र वासियों को जाम से छुटकारा मिलेगा, बल्कि पर्यटकों को भी सुविधा होगी। उपाध्यक्ष ने सूरज कुंड पार्क के पास झुग्गी-टीनशेड हटाने के निर्देश दिये। साथ ही पार्क में तैनात कर्मचारियों की बायोमेट्रिक हाजिरी के लिए वहां मशीन लगाने को कहा।

### नींबू पार्क में शुरू होगा फाउंटेन

- उपाध्यक्ष ने नींबू पार्क का भी निरीक्षण किया। यहां प्राधिकरण द्वारा सौंदर्यीकरण व हॉर्टीकल्चर के कराये गए विभिन्न कार्य देखे। पार्क में स्थापित नये फाउंटेन को जल्द संचालित करने के निर्देश दिए। कहा कि पार्क में नींबू की अलग-अलग प्रजातियों के पौधे लगाएं। निरीक्षण में मुख्य अभियंता मानवेन्द्र सिंह, जोनल अधिकारी प्रभाकर सिंह, अधिशासी अभियंता मनोज सागर एवं नीरज कुमार, उद्यान अधिकारी एसके भारती रहे।



हुसैनाबाद हेरिटेज जोन का निरीक्षण करते उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार।

### इस महीने खुल जाएगी लजीज गली

- एलडीए द्वारा हुसैनाबाद में लजीज गली विकसित की गई है। इसमें 15 फूड कियॉस्क निर्मित किए हैं। वर्तमान में स्थल पर टॉयलेट ब्लॉक के निर्माण का कार्य चल रहा है। उपाध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 15 दिन के अंदर समस्त कार्य पूर्ण कराकर इसी माह लजीज गली संचालित कर दी जाए। इससे स्थानीय कामगारों को रोजगार के साथ ही पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

### 53 को दिया रियल एस्टेट एजेंट का प्रशिक्षण

**अमृत विचार, लखनऊः** उप्र रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता और उपभोक्ताओं के विश्वास को बढ़ावा देने के लिए रेरा ने बुधवार को 38वां रियल एस्टेट एजेंट प्रशिक्षण शुरू किया। कानपुर रोड स्थित इंडियन लिटरेसी बोर्ड में 53 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन सचिव महेंद्र वर्मा ने किया। उन्होंने बताया कि चार दिवसीय कानूनी जानकारी, पेशेवर कौशल और मजबूत नैतिक मूल्यों से लैस करने के उद्देश्य से आयोजित किया है। कुल 53 प्रतिभागियों ने नामांकन कराया है, जो प्रमाणित और पंजीकृत रियल एस्टेट एजेंट बनने की तैयारी कर रहे हैं। कार्यक्रम में आईएलबीकी निदेशिक संध्या तिवारी और अन्य अधिकारियों की उपस्थिति रहे।

## सिटी ब्रीफ

### दो के खातों से ठगों ने उड़ाए 2.53 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** साइबर जालसाजों ने उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल में तैनात सिपाही समेत दो लोगों के खातों से 2.53 लाख रुपये उड़ा लिए। एक मामले में केवाईसी अपडेट का झांसा देकर ठगी की गई, जबकि दूसरे में मोबाइल हैक कर रकम पार की गई। दोनों घटनाएं सरोजनीनगर और गुडंबा थाना क्षेत्र की हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच शुरू कर दी है। गाजीपुर के दिलदार नगर निवासी आरक्षी अशरफ खां ने बताया कि 22 अप्रैल को जालसाज ने केवाईसी के नाम पर उनके एक्सिस बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा के क्रेडिट कार्ड से 1.44 लाख रुपये निकाल लिए। जानकारी होने पर उन्होंने सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। वहीं, जानकीपुरम निवासी सुरेंद्र कुमार गुप्ता के पास 4 मई को आई कॉल के जरिए जालसाज ने उनका मोबाइल हैक कर लिया और स्टेट बैंक व एचडीएफसी बैंक खाते से 1.09 लाख रुपये पार कर दिए। पीड़ित ने गुडंबा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### पिता की सेवा करने पर बेटी को धमकी

**अमृत विचार, काकोरी :** पारा थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद के चलते मां ने बहन और मायकेवालों के साथ मिलकर बेटी को परेशान करने का आरोप है। पीड़िता का कहना है कि कैंसर से जूझ रहे पिता की सेवा करना आरोपियों को नागवार गुजर रहा है। इसी कारण उसका मोबाइल नंबर सोशल मीडिया पर वायरल कर अभद्र टिप्पणियां और लांछन लगाए जा रहे हैं। 25 वर्षीय युवती के अनुसार उसके पिता एक निजी अस्पताल में भर्ती हैं और वह उनकी देखभाल कर रही है। आरोप है कि मां, मौसी और अन्य ननिहाल पक्ष के लोगों ने साजिश के तहत उसका नंबर वायरल कर दिया। इसके बाद से उसे अनजान नंबरों से लगातार कॉल आ रहे हैं, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान है। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपियों ने उसे और उसके पिता को जान से मारने की धमकी दी है। उनका उद्देश्य उसे डरा-धमकाकर पिता की सेवा से रोकना है। इंस्पेक्टर पारा सुरेश सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### सहेली संग सास व ननद पर किया हमला

**अमृत विचार , काकोरी :** पारा थाना क्षेत्र स्थित ग्लोबल सिटी में घरेलू कलह के चलते विवाहिता ने अपनी सहेली के साथ मिलकर ससुराल में घुसकर जमकर उत्पात मचाया। बीच-बचाव करने आई सास के सिर पर ईंट से वार कर उन्हें लहूलुहान कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्लोबल सिटी सलेमपुर पतौरा निवासी गुड़िया पटेल पत्नी विजय पटेल ने पारा पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी बहू सिमरन विश्वकर्मा के साथ उनका पारिवारिक न्यायालय में केस चल रहा है। 4 मई की रात लगभग 10 :25 बजे सिमरन अपनी एक सहेली तस्लीम के साथ अचानक घर पहुंची। घर में घुसते ही उसने अपशब्दों का प्रयोग शुरू कर दिया और सभी को फंसा देने की धमकी दी। सिमरन ने ननद दीक्षा पटेल के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। जब गुड़िया बीच-बचाव करने पहुंचीं तो सिमरन ने पास पड़ी ईंट मारकर सिर फोड़ दिया। घटना के बाद आरोपी महिलाएं पुलिस के पहुंचने से पहले ही धमकाते हुए भाग निकलीं। इंस्पेक्टर पारा सुरेश सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।

### हिस्ट्रीशीटर हत्याकांड में छह हिरासत में

**अमृत विचार , गोसाईंगंज :** सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में हिस्ट्रीशीटर सचिन उर्फ कालिया (30) की सिर पर गोली मार कर हत्या के मामले में पुलिस ने आधा दर्जन संदिग्धों को हिरासत में ले लिया है। संदिग्धों से पूछताछ में पुलिस को कई अहम जानकारियां मिली हैं। जिसके आधार पर पुलिस छापेमारी कर रही है। पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। थाना क्षेत्र के अवध विहार योजना सेक्टर-8 में नगराम रोड स्थित एक स्कूल के पीछे मंगलवार को हिस्ट्रीशीटर सचिन उर्फ कालिया का शव पड़ा मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर में गोली मारे जाने की पुष्टि हुई थी। सुशांत गोल्फ सिटी इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपाध्याय ने बताया कि सचिन के खिलाफ हत्या व हत्या के प्रयास समेत आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। पीजीआई पुलिस ने उसे जिलाबदर अपराधी घोषित किया था। छह महीने पहले सचिन के भाई की भी हत्या हुई थी। पड़ोसियों से उसका विवाद चल रहा था। शक के आधार पर आधा दर्जन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# बैंकाक से लाए आर्गेनिक गांजा की खेप, पांच गिरफ्तार

## फ्लाइट से तस्कर लाया था गांजा, दो किलो 700 ग्राम आर्गेनिक गांजा, पांच किलो गांजा, स्कार्पियो कार व आठ मोबाइल बरामद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बस के माध्यम से दिल्ली पहुंचानी थी खेप
- बरामद माल की कीमत करीब पौने तीन करोड़ रुपये

**अमृत विचार:** थाईलैंड के बैंकॉक से फ्लाइट के जरिए ऑर्गेनिक गांजा की तस्करी करने वाले पांच तस्करों को हुसैनगंज पुलिस ने मंगलवार देर रात चारबाग के पास से गिरफ्तार किया। पकड़ा गया एक आरोपी मंगलवार सुबह ही बैंकॉक से गांजा लेकर लखनऊ आया था। ऑर्गेनिक गांजा दिल्ली पहुंचाई जानी थी। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो किलो 700 ग्राम आर्गेनिक गांजा, पांच किलो गांजा, स्कार्पियो कार और आठ मोबाइल बरामद किए हैं। बरामद माल की कीमत करीब पौने तीन करोड़ रुपये बतायी जा रही है। लखनऊ एयरपोर्ट से आरोपियों ने गांजा बाहर कैसे निकाला? इस बारे में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

एसीपी हजरतगंज विकास जायसवाल ने बताया कि मंगलवार देर रात हुसैनगंज पुलिस को सूचना मिली कि कुछ तस्कर मादक पदार्थ की बड़ी खेप लेकर चारबाग आने वाले हैं। इस सूचना पर एसओ शिवमंगल सिंह और उनकी टीम ने चारबाग स्थित बाल विद्या मंदिर के पास चेकिंग शुरू की। चेकिंग के दौरान काली रंग की स्कॉर्पियो (यूपी 53 एफए 1818) को रोकने का इशारा किया तो चालक मोड़कर भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर गाड़ी को रोक लिया। पुलिस ने कार की तलाशी ली तो छिपा कर रखा गया गांजा मिला। पुलिस ने स्कार्पियो सवार पांचों आरोपियों को पकड़ा।

कोतवाली में हुई पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम गोरखपुर बासगंज मऊ खुर्द निवासी प्रियांशु तिवारी, गोरखपुर गोला लाही डाड़ी निवासी राहुल शर्मा, बृजेश राठौर निवासी कढ़ी मैसाना गुजरात, रविकांत त्रिपाठी निवासी हरसेवकपुर नं0 2 शताब्दीपुरम कालोनी कोलहरिया गोरखपुर हालपता कोननगर मन्दिर वाणी बोरोबेहरा कोलकाता और गोरखपुर कुरबा बाजार लाखुनपुर निवासी दीपक त्यागी बताया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।


पुलिस की गिरफ्त में गांजा तस्करी करने के आरोपी। अमृत विचार

**रविकांत ने दी थी गांजे की खेप:** एसओ हुसैनगंज शिवमंगल सिंह ने बताया कि आरोपी रविकांत बैंकॉक में रहता है। आरोपी रविकांत 4 मई को लखनऊ फ्लाइट से पहुंचा। बैंकॉक में ही उसने साथी बृजेश राठौर को गांजा लखनऊ तक पहुंचाने के लिए दिया था। 5 मई को बृजेश बैंकॉक से लखनऊ फ्लाइट से गांजा लेकर आया। आरोपी रविकांत ने प्रियांशु को स्कॉर्पियो लेकर गोरखपुर से बुलाया था। बृजेश जैसे ही एयरपोर्ट से बाहर निकला, आरोपी राहुल उसे मिला। इसके बाद आरोपी गांजे को दिल्ली में दीपक त्यागी के माध्यम से बेचना था। योजना के तहत दीपक को खाना खिलाने के बाद सभी लोग उसे दिल्ली के लिए चारबाग में बस से बैठाने के लिए निकले थे। उससे पुलिस ने सभी को पुलिस ने पकड़ लिया।

**10 लाख का गांजा बेचते थे एक करोड़ में:** आरोपी रविकांत ने पूछताछ में बताया कि वह बैंकॉक में 10 लाख रुपये किलो के हिसाब से आर्गेनिक गांजा खरीदते था। उसके बाद गांजे को किसी तरह भारत लाकर दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र व उत्तर प्रदेश में एक करोड़ रुपये किलो के हिसाब से बेचते थे। पुलिस का मानना है कि गिरोह में और भी कुछ लोग शामिल हैं। पुलिस आरोपियों के पास बरामद मोबाइल फोन की डिटेल व डेटा खंगाल रही है।

### एयरपोर्ट पर किसने की मदद

- एयरपोर्ट पर 24 घंटे सीआरपीएफ और डीआरआई चौकन्नी रहती है। हर एक यात्री के सामान की बारीकी से स्कैनिंग होती है। उसके बाद भी 5 मई को आरोपी बृजेश आर्गेनिक गांजे की खेप एयरपोर्ट से बाहर कैसे निकाल लाया? पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ की लेकिन वे चुप्पी साधे रहे। पुलिस का मानना है कि अभी ऐसे कई चेहरे हैं, जो पर्दे के पीछे छिपे हैं। पुलिस यह भी पता करने में जुटी है कि इससे पहले माल कब आया और कहां बेचा गया?

### वकीलों की वेशभूषा में जेसीबी से ढहाई प्लाट की बाउंड्री

**अमृत विचार, काकोरी :** दुबग्गा थाना क्षेत्र के जेहटा में अधिवक्ता की वेशभूषा में करीब 60 से अधिक दबंगों ने जेसीबी मशीन से प्लॉट की बाउंड्री ढहा दी। विरोध करने पर प्लॉट स्वामी के साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। अम्बेडकरनगर के जहांगीरगंज निवासी विश्वदीपक का एक प्लॉट दुबग्गा के जेहटा में स्थित है। उन्होंने बताया कि 3 अप्रैल को सुबह करीब 11 बजे राजाजीपुरम निवासी दिव्यांश अवस्थी, अलीगंज निवासी दिवाकर तिवारी और सेंट्रल बार एसोसिएशन के कनिष्ठ उपाध्यक्ष सौरभ वर्मा संग लगभग 50-60 अज्ञात वकीलों की वेश में दबंग प्लॉट पर पहुंचे। जेसीबी लगाकर बाउंड्री को गिरा दिया। पीड़ित विश्व दीपक ने मौके पर पहुंचे और विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ अभद्रता की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर दुबग्गा पुलिस ने दिव्यांश अवस्थी, दिवाकर तिवारी, सौरभ वर्मा और 50-60 अन्य अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर दुबग्गा श्रीकांत राय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# शहीद पथ पर लगे कैमरों की बैटरी व यूपीएस चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कैमरों का संचालन हुआ ठप तो मचा हड़कंप
- सेफ सिटी परियोजन के कर्मी ने गोमतीनगर विस्तार थाने में दर्ज करायी रिपोर्ट

**अमृत विचार:** सेफ सिटी परियोजना के तहत शहीद पथ पर लगे सीसीटीवी कैमरों के स्विच, बैटरी और यूपीएस चोरों ने पार कर दिए। चोरों की इस हरकत से शहीद पथ पर सीसीटीवी कैमरों का संचालन ठप हो गया। 25 अप्रैल की देर रात हुई चोरी के मामले में सेफ सिटी मुख्यालय में तैनात कर्मचारी ने मंगलवार देर रात गोमती नगर विस्तार थाने में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

लालबाग स्थित आईएससीआर कंट्रोल रूम सेफ सिटी परियोजना के विनोद यादव ने बताया कि गोमती नगर विस्तार स्थित शहीद पथ पर पोल और सीसीटीवी कैमरे लगाने का कार्य किया गया था। चोरों ने करीब 1.25 लाख रुपये कीमत के स्विच, बैटरी और यूपीएस चोरी कर लिए। चोरी से सीसीटीवी की मॉनिटरिंग बंद हो गयी। विनोद ने बताया कि इन कैमरों की मदद से वाहनों के आवागमन और आईपीएल मैच के दौरान शहीद पथ पर यातायात की मानिटरिंग भी पुलिस करती है। साथ ही महिला अपराधों की रोकथाम के लिए भी कैमरे आवश्यक हैं लेकिन उपकरण चोरी हो जाने के कारण कैमरे बंद पड़े हैं। उनका कहना है कि छानबीन में पता चला कि चोरी 25 अप्रैल की रात 10:49 बजे हुई है। 5 मई की देर रात विनोद यादव ने मामले की तहरीर गोमतीनगर विस्तार थाने में की। इंस्पेक्टर सुधीर कुमार अवस्थी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। दोबारा बैटरी व यूपीएस लगा दिए गए हैं। लगातार निगरानी की जा रही है।

# हाईकोर्ट अधिवक्ता के मकान में लाखों की चोरी, कैमरे में कैद हुए दो चोर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- चिनहट की में परिवार बहन की शादी में शामिल होने गया था पैतृक निवास
- चिनहट में निर्माणाधीन मकान से वायरिंग चोरी, पीजीआई में बंद मकान से जेवर व नकदी साफ

**अमृत विचार :** चिनहट के राय इंक्लेव में हाईकोर्ट अधिवक्ता के बंद मकान को चोरों ने निशाना बनाया। चोरों ने आलमारी का ताला तोड़कर करीब दो लाख रुपये व लाखों के जेवर चोरी कर लिए। वारदात के समय परिवार बहन की शादी में पैतृक गांव गया हुआ था। पड़ोस के मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में दो चोर कैद हुए हैं। इसी थाना क्षेत्र में एक निर्माणाधीन मकान से वायरिंग चोरी और पीजीआई क्षेत्र में बंद मकान से नकदी व जेवर चोरी की घटनाएं भी सामने आई हैं। पुलिस जांच कर रही है।

बाराबंकी के सुबेहा निवासी अधिवक्ता सुरेश कुमार यादव परिवार सहित राय इंक्लेव में रहते हैं। 3 मई को वे शादी में शामिल होने गए थे। 4 मई की रात लौटने पर मुख्य दरवाजे के ताले टूटे और सामान बिखरा मिला। पीड़ित ने डॉयल-112 पर सूचना दी। फील्ड यूनिट ने जांच की। सीसीटीवी में रात 2:13 बजे दो बदमाश चोरी करते दिखे। पुलिस अन्य कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

इसी इलाके में गाजीपुर निवासी सौरभ सिंह कुशवाहा के निर्माणाधीन मकान से 20 मार्च को करीब 50 हजार की वायरिंग चोरी हुई। वहीं पीजीआई वृंदावन योजना सेक्टर-11बी निवासी सुयश पांडेय के बंद मकान से जेवर व 40 हजार रुपये चोरी हुए। पुलिस तीनों मामलों की जांच कर रही है।

### बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** थाना क्षेत्र में चोरों ने बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये के गहने और घरेलू सामान पार कर दिया। घटना की जानकारी होने पर पीड़ित ने सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। गौरी स्थित वसुधा स्टेट कानपुर रोड निवासी सुनीता देवी ने बताया कि 27 अप्रैल को अपने घर में ताला बंद कर फतेहपुर जिले के जहानाबाद थाना अंतर्गत नोनारा गांव भतीजी की 29 अप्रैल को होने वाली शादी समारोह में शामिल होने गई थी। 2 मई की रात करीब 2 बजे चोरों ने उनके प्लॉट नंबर 44 स्थित घर का ताला तोड़ दिया। 3 मई को दोपहर में पड़ोसियों ने घर का ताला टूटा देख उन्हें सूचना दी। जानकारी पर वह वापस लौटी तो सभी ताले टूटे और सामान बिखरा मिला। पीड़िता ने बताया कि चोरों ने लाखों के जेवर, 8600 रुपये, मिक्सी, गैस चूल्हा, एलसीडी और मोबाइल उपकरण सहित अन्य सामान चोरी कर लिया। पीड़िता का कहना है कि मकान के ऊपरी हिस्से में किराए पर रहने वाली महिला उपनिरीक्षक प्रतिमा देवी भी उस दिन बाहर गई थी। जिसके चलते उनके कमरे का ताला भी टूटा होने के साथ सारा सामान अस्त-व्यस्त मिला ।पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

# अजरबैजान में नौकरी का झांसा देकर तीन दोस्तों से लाखों ठगे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- खातों में लिए रुपये, दिया कैंसिल टिकट
- एजेंसी में ताला लगाकर जालसाज फरार
- डीसीपी पश्चिम के आदेश पर सआदतगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** सआदतगंज स्थित अलजोहा टूर एंड ट्रेवेल्स का कार्यालय खोलकर जालसाजों ने अजरबैजान में नौकरी का झांसा देकर बिहार के तीन युवकों से ठगी कर ली। आरोप है कि जालसाजों ने वीजा व टिकट के नाम पर खातों में करीब 2.40 लाख रुपये ले लिए और बाद में कैंसिल टिकट थमा दिया। दिल्ली पहुंचने पर पीड़ितों को टिकट रद्द होने की जानकारी मिली। लौटने पर एजेंसी कार्यालय बंद मिला। डीसीपी पश्चिम कमलेश दीक्षित के आदेश पर सआदतगंज पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बिहार के गोपालगंज निवासी नमी यादव ने बताया कि वह अपने साथियों ओमप्रकाश शाही और अंशुमन राय के साथ विदेश में नौकरी की तलाश में थे। इसी दौरान उन्हें अलजोहा टूर एंड ट्रेवेल्स के बारे में जानकारी मिली। संपर्क करने पर इश्तियाक खान ने उन्हें सआदतगंज स्थित गरीब नवाज कॉम्प्लेक्स स्थित कार्यालय बुलाया, जहां उनकी मुलाकात इश्तियाक खान, आसिफ खान और गुड्डू खान से हुई। आरोपियों ने अजरबैजान की कंस्ट्रक्शन कंपनी में नौकरी दिलाने का भरोसा दिया और मार्च-अप्रैल में वीजा व टिकट के नाम पर रकम ले ली। 20 अप्रैल को टिकट देकर दिल्ली भेजा, लेकिन वहां पहुंचने पर टिकट कैंसिल मिला और आरोपियों के मोबाइल बंद हो गए। पीड़ितों ने 4 मई को डीसीपी पश्चिम से शिकायत की। शुरुआती जांच में आरोप सही पाए जाने पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# कार्रवाई पर एआरटीओ को मिली धमकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** ओवरलोडिंग और हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान एआरटीओ प्रवर्तन टीम को एक ट्रक पर कार्रवाई करना भारी पड़ गया। कार्रवाई से नाराज ट्रक मालिक ने एआरटीओ को फोन कर धमकी दी और फर्जी मुकदमे में फंसाने की बात कही। मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को दे दी गई है।

एआरटीओ प्रवर्तन आलोक कुमार यादव अपनी टीम के साथ जांच कर रहे थे। इस दौरान कानपुर नंबर का एक संदिग्ध ट्रक रोका गया। जांच में ट्रक का आगे का नंबर प्लेट मुड़ा मिला, जबकि पीछे नंबर प्लेट नहीं था और वाहन ओवरलोड भी था। इन उल्लंघनों पर 41 हजार रुपये का चालान किया गया।


मुड़ी हुई नंबर प्लेट पर कार्रवाई करते एआरटीओ आलोक यादव। ● अमृत विचार

चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं मिला।

कार्रवाई के बाद ट्रक मालिक ने फोन कर मारपीट का आरोप लगाते हुए ट्रक न छोड़ने पर फर्जी केस में फंसाने की धमकी दी और व्हाट्सएप पर भी संदेश भेजे। अभियान में 10 से अधिक ट्रकों पर चालान हुआ, जबकि दो ट्रक सीज कर वृंदावन पार्किंग में खड़े कराए गए।

### शादी का झांसा देकर छात्रा का यौन शोषण

**अमृत विचार, काकोरी:** पारा स्थित डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय की छात्रा से सीनियर छात्र ने शादी का झांसा देकर दो साल तक यौन शोषण किया। पीड़िता का आरोप है कि इस दौरान उसे गर्भनिरोधक दवाएं भी खिलाई गईं। शादी की बात करने पर आरोपी ने इंकार कर दिया और विरोध करने पर मारपीट कर धमकी दी। जालौन निवासी बीए छात्रा ने बताया कि उसकी मुलाकात एमए छात्र राहुल कुमार वर्मा से हुई थी। आरोपी ने प्रेम जाल में फंसाकर शादी का भरोसा दिलाया। 9 अप्रैल को उसे पता चला कि राहुल की शादी कहीं और तय हो गई है। विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट की और दुष्कर्म कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दुष्कर्म, मारपीट व धमकी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# नौकरी का झांसा देकर पत्नी को भेजा मायके, रचाई दूसरी शादी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- घर से गहने व घरेलू सामान लेकर पति फरार
- पीड़िता ने पारा थाने में पति के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** नौकरी खोजने का झांसा देकर पति ने पत्नी को मायके भेज दिया और उसके बाद चोरी-छिपे दूसरी शादी रचा ली। आरोप है कि घर में रखा गहना, घरेलू सामान और संयुक्त नाम से खरीदे गए प्लॉट की मूल रजिस्ट्री लेकर वह फरार हो गया। पीड़िता ने जब खोजबीन की तो एक रिश्तेदार ने फोटो भेजकर पति की करतूत की जानकारी दी। संपर्क करने पर पति ने ससुरालवालों को कॉल कर तलाक देने की धमकी भी दी। पारा पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

मूल रूप से पनकी, कानपुर नगर निवासी अनीता गुप्ता ने बताया कि उनकी शादी 12 मई 2005 को आलमनगर निवासी निरंजन गुप्ता से हुई थी। पति डाला चलाते हैं। शादी के बाद कुछ वर्षों तक ससुराल में रहने के बाद दंपति मुन्नूखेड़ा स्थित आवास विकास कॉलोनी के फ्लैट में रहने लगे।

अनीता ने बताया कि 9 दिसंबर 2025 को निरंजन ने काम का हवाला देकर उन्हें मायके भेज दिया और खुद प्रयागराज व वाराणसी में नौकरी तलाशने की बात कही। 3 मार्च 2026 तक फोन पर बातचीत होती रही, लेकिन होली पर लेने नहीं पहुंचे। 6 मार्च को वह अपने घर लौटीं तो मकान खाली मिला। पड़ोसियों ने बताया कि पति घर का सामान लेकर जा चुका है। तलाश के दौरान रिश्तेदार के जरिए पता चला कि निरंजन एक अन्य महिला के साथ रहकर दूसरी शादी कर चुका है। सोशल मीडिया पर फोटो में वह फ्लॉवर डेकोरेटर्स प्रीति गुप्ता के साथ नजर आया, जिसमें घर का सामान भी दिख रहा था। विरोध करने पर पति ने धमकाते हुए तलाक की मांग की और शिकायत न करने की चेतावनी दी। पारा पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**दुस्साहस** — पत्नी ने चौक कोतवाली में दर्ज करायी रिपोर्ट

# विधवा साली से दुष्कर्म का प्रयास, विरोध पर ससुर को पीटा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** चौक इलाके में ससुराल में रह रहे एक युवक पर अपनी विधवा साली से दुष्कर्म का प्रयास करने का आरोप लगा है। विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट की और कपड़े फाड़ दिए। शोर सुनकर पहुंचे ससुर ने विरोध किया तो आरोपी ने उनके साथ भी हाथापाई कर दी और पीड़िता को धमकी देते हुए फरार हो गया। पीड़िता की बहन ने पति के खिलाफ चौक कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी है। पुलिस जांच कर रही है।



राजाबाजार निवासी 23 वर्षीय महिला ने बताया कि उनके पति अलीगढ़ के रहने वाले हैं और ससुराल में ही रहते हैं। पीड़िता की बहन के पति की 2020 में कोरोना काल में मौत हो गई थी, जिसके बाद उसकी छोटी बहन और सात वर्षीय बेटी भी साथ रहती हैं। आरोप है कि आरोपी पति लंबे समय से विधवा साली के साथ अभद्र व्यवहार और बैड टच करता था।

29 अप्रैल की सुबह घर पर महिला और उसके पिता नहीं थे। इसी दौरान आरोपी ने अकेला पाकर साली के साथ गलत हरकत करने का प्रयास किया। विरोध करने पर उसने कपड़े फाड़ दिए। शोर सुनकर पिता पहुंचे और डांटा तो आरोपी ने उन्हें और पीड़िता को पीटा तथा जान से मारने की धमकी देकर भाग गया।

4 मई को पीड़िता ने हिम्मत जुटाकर चौक कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी। इंस्पेक्टर नागेश उपाध्याय ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है। रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### सरेराह युवती से छेड़छाड़, बाइक पर बैठने का बनाया दबाव, न बैठने पर दी धमकी

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृष्णानगर में सरेराह एक युवती से बाइक सवार युवक ने छेड़छाड़ की। थाना क्षेत्र निवासी युवती 26 अप्रैल को पावर हाउस की तरफ से घर लौट रही थी। इसी दौरान सिद्धांत पांडेय ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया और घर के पास पार्क के समीप खड़ा हो गया। आरोपी ने बाइक पर लिफ्ट देने को कहा, लेकिन इंकार करने पर रास्ता रोक दिया और जबरन बैठाने का प्रयास किया। पीड़िता के भागने पर आरोपी ने बाइक से पीछा करते हुए गाली-गलौज की और धमकी दी कि पुलिस में शिकायत करने पर बदनाम कर देगा। किसी तरह घर पहुंचकर पीड़िता ने परिजनों को आपबीती बताई और फिर वूमेन पॉवर लाइन में शिकायत की। इसके बाद कृष्णानगर थाने में तहरीर दी गई। इंस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया कि आरोपी सिद्धांत पांडेय के खिलाफ छेड़छाड़, धमकी, गाली-गलौज और एससीएसटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# बाइक सवार बदमाशों ने महिला की लूटी चेन, गिरने से बची

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** इंदिरानगर बी-ब्लॉक चौराहे के पास मंगलवार देर रात बाइक सवार दो बदमाशों ने स्कूटी सवार महिला की चेन लूट ली। वारदात के दौरान महिला सड़क पर गिरते-गिरते बची। शोर मचाने पर राहगीरों ने बदमाशों का पीछा किया, लेकिन वे फरार हो गए। डॉयल-112 पर सूचना मिलते ही गाजीपुर पुलिस मौके पर पहुंची। एक सीसीटीवी कैमरे में दो संदिग्ध कैद हुए हैं। पुलिस ने पति की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

इंदिरानगर सेक्टर-22 निवासी ज्योति गुप्ता ने बताया कि मंगलवार रात करीब साढ़े दस बजे वह स्कूटी से बी-ब्लॉक आई थीं। लौटते समय इरम कॉन्वेंट स्कूल के पास बाइक सवार बदमाशों ने झपट्टा मारकर चेन खींच ली। किसी तरह संभलकर उन्होंने स्कूटी रोकी और शोर मचाया। राहगीरों ने पीछा किया, लेकिन बदमाश भाग निकले। सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए।

पति विनय सिंह ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। गाजीपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। इंस्पेक्टर राजेश कुमार मौर्य ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है, जिसमें एक बाइक से दो संदिग्ध भागते दिखे हैं।

## सिटी ब्रीफ

### अग्निकांड पीड़ित 300 परिवारों को दी सामग्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** विकास नगर क्षेत्र के अग्निकांड पीड़ित की मदद में संत कबीर नगर की सामाजिक संस्था अल फारूक बैतुल माल आगे आई है। संस्था के अध्यक्ष और पदाधिकारियों ने बुधवार को लगभग 300 परिवारों में बर्तन, कपड़े और अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुएं वितरित कीं। चेयरमैन मौलाना नूरुल हुदा ने कहा कि अल फारूक बैतुल माल हमेशा से ही बेसहारा और आपदा प्रभावित लोगों की सेवा के लिए प्रतिबद्ध रही है। संस्था के डिप्टी चेयरमैन मौलाना रहमतुल्लाह नूर कासमी, जनरल सेक्रेटरी फजलुल्लाह नूर, मोहम्मद अरफात, सईद हाशमी, मौलाना हुजैफा नूर साथ ही संस्था के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

### योगेंद्र सिंह चेयरमैन और झब्लू गुप्ता बने अध्यक्ष

**अमृत विचार , लखनऊ :** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के लखनऊ महानगर अध्यक्ष सुरेश छाबलानी के नेतृत्व में बुधवार को बुद्धेश्वर उद्योग व्यापार मंडल का गठन किया गया। चेयरमैन योगेंद्र सिंह और संरक्षक में प्रमोद कुमार गुप्ता, सत्य प्रकाश राजपूत, मनोज कुमार गुप्ता को मनोनीत किया गया। इसके बाद इकाई का चुनाव हुआ। इसमें अध्यक्ष पद पर झब्लू गुप्ता निर्वाचित हुए। महामंत्री पद पर धीरपाल यादव, कोषाध्यक्ष पद पर अमित पांडे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सिद्धार्थ त्रिपाठी, उपाध्यक्ष पद पर विवेक सिंह, शुभम यादव, राकेश मौर्य, आशुतोष गुप्ता, कुलदीप रावत, व संगठन मंत्री में सुरेंद्र यादव व मंत्री में राम सिंह, योगेंद्र यादव, रंजीत, सुरेंद्र मिश्रा,उपेंद्र मोहन, को व मीडिया प्रभारी राम निहाल का निर्वाचन हुआ ।अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल लखनऊ के महामंत्री अनुज गौतम, शुभम मौर्य, अनिल अग्रवाल, राजेंद्र शुक्ला, मनीष अवस्थी उपस्थित रहे। महानगर अध्यक्ष छाबलानी ने बताया कि शपथ ग्रहण गुरुवार शाम सवा चार बजे बुद्धेश्वर सीएम पैराडाइज मायापुरम में होगा। इसमें मुख्य अतिथि अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल होंगे।

### छेड़छाड़ के विरोध में दो पक्षों में मारपीट, दो घायल

**अमृत विचार, लखनऊ :** पारा स्थित एक निजी शिक्षण संस्थान में छात्रा से छेड़छाड़ करने का विरोध करने पर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। मोहान रोड स्थित एक कॉलेज में डीएलएड. द्वितीय वर्ष की छात्रा ने अपने सहपाठी और उसके साथियों पर काफी समय से छेड़छाड़, मानसिक उत्पीड़न और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। छात्रा का कहना है कि आरोपी पहले भी माफी मांग चुका था, लेकिन उसके बाद भी कोई सुधार नहीं हुआ। 30 अप्रैल को आरोपी पक्ष की ओर से छात्रा को कॉल व मैसेज भेजकर कॉलेज न आने की धमकी दी। पीड़िता ने बताया कि घटना वाले दिन छुट्टी के समय कॉलेज गेट पर आरोपी छात्र ने उसे जबरन अपने साथ चलने का दबाव बनाया और बाहर खड़े साथियों का हवाला देकर डराने का प्रयास किया। विरोध करने पर छात्रा के भाई को बेरहमी से पीटा। आरोप है कि आरोपियों ने फर्जी मामले में फंसाने और जान से मारने की धमकी भी दी। वहीं, दूसरे पक्ष से छात्र ने आरोप लगाया है कि परीक्षा समाप्त होने के बाद कार सवार कुछ लोगों ने उस पर हमला कर दिया। आरोप है कि एक व्यक्ति ने पिस्टल की बट से उसके सिर पर वार कर दिया और उसके भाई के साथ भी मारपीट की। पीड़ित छात्र ने घटना के पीछे अपनी सहपाठी और उसके परिचितों का हाथ बताया है। साथ ही जातिसूचक शब्दों के प्रयोग और पहले से जानलेवा हमले की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। इंस्पेक्टर पारा सुरेश सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गयी है।

# जनगणना शुरू, आज से घर-घर जाएंगे कर्मचारी

## घर के प्रकार, परिवार के सदस्य, जाति, शौचालय, पेयजल स्रोत, संपत्ति, बिजली समेत 33 बिंदुओं पर लेंगे जानकारी

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ में जनगणना- 2027 की शुरुआत गुरुवार से शुरू हो जाएगी। 21 मई तक प्रगणक और जनगणना कर्मी घर-घर जाकर भवन स्वामियों से 33 सवाल पूछेंगे। वह ये जानकारी लेंगे कि घर का प्रकार कैसा है, परिवार में कितने सदस्य हैं, परिवार के सदस्यों की जाति क्या है, घर में कितने शौचालय बने हैं, पानी का क्या स्रोत है, बिजली कनेक्शन कितने हैं, घर में कितने एसी, फ्रिज, कारें हैं। जनगणना कर्मी 22 मई से 20 जून तक मकानों की सूची तैयार तैयार करेंगे। इसमें नगर निगम के विभिन्न विभागों के सैकड़ों कर्मचारियों और अधिकारियों की ड्यूटी भी लगाई है।

उधर, स्व गणना को प्रभावी बनाने के लिए जिलाधिकारी विशाख जी ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक ली। उन्होंने कहा कि सभी विभाग डिजिटल माध्यम से स्व-गणना को प्रेरित करने के लिए अपने यहां स्व गणना हेल्प डेस्क बनाएं। सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि उनके विभाग से जुड़े कर्मचारी, उनके परिवारजन तथा संपर्क में आने वाले नागरिक स्व-गणना प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी करें। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि 7 मई को सुबह 6 बजे से स्व-गणना का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत नागरिकों को स्वयं ऑनलाइन माध्यम से अपनी जनगणना विवरणी भरने का अवसर प्रदान किया जाएगा।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) व जिला जनगणना अधिकारी, उप निदेशक जनगणना निदेशालय, जिला विकास अधिकारी, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस विभाग, केंद्रीय सुरक्षा बल सहित समस्त विभागों के अधिकारी शामिल हुए।



कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर जनगणना की तैयारी की जानकारी लेते जिलाधिकारी विशाख जी। अमृत विचार

### सहभागिता को चलाएं अभियान

- जिलाधिकारी ने कहा कि स्व-गणना की अधिकतम सहभागिता के लिए जागरूकता अभियान, शिविर आयोजित करके प्रत्येक व्यक्ति को स्व गणना के संबंध में जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि समाज के गणमान्य व्यक्तियों, जनप्रतिनिधियों, चिकित्सकों, अधिवक्ताओं, व्यापारियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। साथ ही पीएसयू, आईएमए, आईआईए, व्यापारिक संगठनों, आरडब्ल्यूए, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा अन्य संगठनों के माध्यम से भी व्यापक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

### ये प्रश्न पूछेंगे जनगणना कर्मी

- लाइन संख्या, भवन संख्या, जनगणना मकान संख्या, फर्श, दीवार, छत, जनगणना मकान का उपयोग, परिवार क्रमांक, परिवार में रहने वाले कुल व्यक्तियों की संख्या, परिवार के मुखिया का नाम, लिंग, जाति, मकान का स्वामित्व, परिवार के पास रहने के लिए उपलब्ध कमरों की संख्या, विवाहित व्यक्तियों की संख्या, पेयजल का मुख्य स्रोत, पेयजल स्रोत की उपलब्धता, प्रकाश का मुख्य स्रोत, शौचालय की सुलभता, शौचालय का प्रकार, गंदे पानी की निकासी का स्रोत, परिसर के अंदर स्नान करने की उपलब्धता, खाना पकाने के लिए प्रयुक्त ईंधन, रेडियो, टेलीविजन, इंटरनेट सुविधा, लैपटॉप और कम्प्यूटर, टेलीफोन, मोबाइल और स्मार्ट फोन, साइकिल, स्कूटर और मोटरसाइकिल, कार, जीप और वैन, परिवार द्वारा इस्तेमाल किया जाने वाला मुख्य अनाज और मोबाइल नंबर।

### ऐसे कर सकते हैं ऑनलाइन स्व गणना

- भवन स्वामी पोर्टल se.census.gov.in पर जाकर ऑनलाइन स्व गणना भी कर सकते हैं। वेबसाइट में राज्य में उत्तर प्रदेश चुनें और Captcha भरें। मोबाइल नंबर से रजिस्ट्रेशन करने के बाद परिवार के मुखिया का नाम और मोबाइल नंबर डालें। ओटीपी को सत्यापित करना होगा। सुविधानुसार हिन्दी और अंग्रेजी सहित 16 भाषाएं चुन सकते हैं। मकान नंबर, गांव, शहर जिला और राज्य भरने के बाद मकान नंबर लोकेशन मैप पर अपने घर को लाल मार्क टैग करना होगा। 33 सवाल का जवाब भरना होगा। सारी जानकारी चेक करने के बाद सबमिट बटन दबाएं। स्व गणना (एसई) आईडी मिलेगी, इसे सुरक्षित रख लें। जब जनगणना अधिकारी या प्रगणक घर आएं तो उन्हें एसई आईडी दिखा दें।

### जनगणना ड्यूटी को लेकर माध्यमिक शिक्षकों में रोष

**अमृत विचार, लखनऊ :** जनगणना में ड्यूटी लगाने पर माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों ने नाराजगी जताई है। माध्यमिक शिक्षक संगठन के प्रादेशिक मंत्री प्रभात कुमार सिंह का कहना है कि नई शिक्षा नीति 2020 के तहत प्रत्येक कक्षा में न्यूनतम 1200 घंटे शिक्षण अनिवार्य किया गया है। इसी लक्ष्य को पूरा करने के लिए विद्यालयों का समय 5 घंटे 20 मिनट से बढ़ाकर 6 घंटे प्रतिदिन कर दिया गया है। इसके बावजूद शिक्षकों की ड्यूटी कार्य दिवसों में ही प्रतियोगी परीक्षाओं में लगाई जा रही है। अब जनगणना कार्य में भी शिक्षकों की तैनाती से स्थिति और गंभीर हो गई है। इससे न केवल पढ़ाई प्रभावित हो रही है, बल्कि विद्यालयों की प्रवेश प्रक्रिया भी बाधित हो रही है। गरीब और कमजोर वर्ग के छात्र, जो कम शुल्क में सरकारी विद्यालयों में पढ़ते थे, अब निजी विद्यालयों की ओर रुख करने को मजबूर हो रहे हैं। सबसे बड़ी चिंता यह है कि 22 मई से 30 जून तक चलने वाले जनगणना चरण में शिक्षकों का पूरा ग्रीष्मावकाश समाप्त हो जाएगा। संघ ने सरकार से मांग की है कि शिक्षकों को जनगणना कार्य से मुक्त रखा जाए, अन्यथा इसका असर आगामी चुनावों में देखने को मिल सकता है।


आलमबाग गुरुद्वारे में श्री सुखमनी साहिब का पाठ करतीं महिलाएं।

# गुरु अर्जुन देव की शहादत पर सुखमनी साहिब का पाठ शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** सिख धर्म के 5वें गुरु अर्जुन देव की शहादत को समर्पित सुखमनी साहिब पाठों की श्रृंखला का आयोजन गुरुद्वारा आलमबाग में शुरू हो गया है। जिसमें करीब 100 महिला संगत ने श्रद्धा और उत्साह के साथ भाग लिया। यह धार्मिक कार्यक्रम 6 मई से 14 जून तक श्रद्धा और भक्ति के साथ सम्पन्न होगा।

इस कार्यक्रम के तहत 6 मई से रोजाना शाम 4 बजे से 6 बजे तक सुखमनी साहिब का पाठ किया जाएगा, जबकि प्रत्येक रविवार को सुबह 5:30 बजे से 7 बजे तक विशेष पाठ आयोजित होगा। इस श्रृंखला में शहीदी कीर्तन समागम का आयोजन भी किया जाएगा। यह समागम 13 जून (शनिवार) को शाम 6:30 बजे से रात 10:30 बजे तक तथा 14 जून को सुबह 5:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक आयोजित होगा। इस अवसर पर अमृतसर के प्रसिद्ध रागी अमृतपाल सिंह अपनी हाजिरी देंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन गुरु का लंगर संगत के सहयोग से आयोजित किया जाएगा।


श्री सुखमनी साहिब का पाठ करतीं महिला।

### बुद्धेश्वर व्यापार मंडल चुनाव की प्रक्रिया शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ व्यापार मंडल श्री बुद्धेश्वर उद्योग व्यापार मंडल इकाई के चुनाव के लिए लोधी भवन में नामांकन पत्रों की बिक्री की प्रक्रिया पूरी हुई। चुनाव अधिकारी राम शंकर राजपूत ने बताया कि 8 पदों के लिए 17 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई है। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 7 मई है। व्यापारियों से निर्धारित तिथि के भीतर नामांकन प्रक्रिया पूर्ण करने को कहा गया है। नामांकन पत्र बिक्री के दौरान लखनऊ व्यापार मंडल के महामंत्री उमेश शर्मा, राशिद, पार्षद धर्मेंद्र सिंह, राम शंकर राजपूत, तारा चंद्र रावत, देवीदास अग्रवाल, राजेश शुक्ला, इरशाद अहमद, एसपी. पांडेय मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त काकोरी मोड़ व्यापार मंडल के सलाहकार शिवम पांडेय एवं लखनऊ व्यापार मंडल चुनाव कार्यालय के सचिव नीरज शुक्ला मौजूद रहे।

# कर्मचारी महासंघ पदाधिकारियों ने ली शपथ

**एसजीपीजीआई**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में कर्मचारी महासंघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने बुधवार को श्रुति सभागार में आयोजित समारोह में शपथ ग्रहण की। इस दौरान नव नियुक्त कर्मचारियों का अभिनंदन भी किया गया।

मुख्य चुनाव अधिकारी टीएस नेगी ने अध्यक्ष धर्मेश कुमार, महामंत्री सीमा शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय कुमार, उपाध्यक्ष मंजुलता यादव एवं डॉ. नीलमणि तिवारी, संयुक्त मंत्री सुनील कुमार, कोषाध्यक्ष संदीप कुमार, संगठन मंत्री डॉ. अंकिता पांडेय, कार्यालय मंत्री बृजभूषण यादव और प्रचार मंत्री सुनील रूपेश समेत सभी पदाधिकारियों को पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के उपरांत अध्यक्ष धर्मेश कुमार और महामंत्री सीमा शुक्ला ने कहा कि कर्मचारियों से जुड़े सभी मुद्दों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। उन्होंने मानकीकरण से उत्पन्न समस्याओं के निराकरण, आपातकालीन स्थिति में कर्मचारियों को बेड व ओपीडी में प्राथमिकता दिलाने, समय पर इलाज व दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम में संस्थान के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. देवेंद्र गुप्ता, चिकित्सा अधीक्षक प्रो. राजेश हर्षवर्धन, मुख्य नर्सिंग अधिकारी मंजू सिंह, मेडिटेक के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह तथा नर्सिंग एसोसिएशन के महामंत्री विवेक शर्मा सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।


एसजीपीजीआई में कर्मचारी महासंघ के शपथ ग्रहण समारोह में मौजदू पदाधिकारी और चिकित्सक।

### स्त्रियों को जीवन पथ पर निर्भीक होकर चलना चाहिए : विद्या बिंदु

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश साहित्य सभा की ओर से बुधवार को यूपी प्रेस क्लब में साहित्यकार डॉ. सुरभि सिंह की समीक्षात्मक रचनाओं नारी मनोविज्ञानपरक कहानियों का विश्लेषण महेन्द्र भीष्म के कहानी संग्रह कोई नया नाम दो पर आधारित, एवं दयानंद पांडेय की कहानियों में नारी विमर्श का नया वितान का लोकार्पण समारोह हुआ। अध्यक्षता करते हुए पद्मश्री विद्या बिंदु सिंह ने स्त्रियों के जीवन को चुनौतीपूर्ण बताते हुए जीवन पथ पर निर्भीक होकर चलने की सलाह दी। प्रख्यात व्यंग्यकार सर्वेश अस्थाना ने नारी जीवन के अनेक संवेदनात्मक पक्षों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि मुकुल महान, विशिष्ट अतिथि दयानंद पांडेय तथा महेन्द्र भीष्म, डॉ. अंशुमाली शर्मा, प्रो. बलवन्त सिंह, डॉ. नेहाश्री श्रीवास्तव, डॉ. सुधा मिश्रा और पवन कुमार तिवारी ने भी विचार प्रकट किए।

## सिटी डायरी

### फार्मासिस्ट संगठन ने सौंपा मांगपत्र


अपर मुख्य सचिव के साथ प्रतिनिधिमंडल।

**अमृत विचार, लखनऊ :** डिप्लोमा फार्मासिस्ट राजपत्रित संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष को समस्याओं से संबंधित सात सूत्री मांगपत्र सौंपा। अपर मुख्य सचिव ने जायज मांगों पर शीघ्र विचार करने का आश्वासन दिया है।उन्होंने निदेशक पैरामेडिकल डॉ. संजू अग्रवाल को निर्देश दिए कि संबंधित प्रस्ताव शीघ्र शासन को भेजे जाएं। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष जेके सचान और प्रदेश महामंत्री प्रद्युम्न ने बताया कि फार्मासिस्ट के पदनाम में परिवर्तन की मांग लंबे समय से लंबित है, जिसे बिना किसी अतिरिक्त वित्तीय भार के पूरा किया जा सकता है। इसके साथ ही वेतन विसंगति को दूर करने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई। प्रवक्ता राजीव कुमार ने कहा कि कैडर रिव्यू और चिकित्सा प्रतिपूर्ति जैसी समस्याएं लंबे समय से लंबित हैं, जिसका असर प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में कार्यरत फार्मासिस्टों पर पड़ रहा है।


पत्रकारों से चर्चा करते रविकांत, सुधीर एस हलवासिया व अन्य।

### नतीजे आत्मनिर्भर भारत की बुनियाद बनेंगे

**अमृत विचार,लखनऊ :** पश्चिम बंगाल, असम और दक्षिण के राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम देश के विकास, आत्मनिर्भर, स्वावलंबी एवं विकसित भारत के संकल्प को साकार करने का कार्य करेंगे, जिसमें देश, प्रदेश के लाखों उद्यमी, व्यापारी, कारोबारी आर्थिक योद्धा के रूप में समर्पित भाव से योगदान करेंगे। यह बातें बुधवार को भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री रविकांत गर्ग ने कहीं। हजरतगंज के एक निजी होटल में पत्रकारों से मुखातिब थे। चेयरमैन सुधीर एस हलवासिया ने भी विचार रखे। प्रदेश उपाध्यक्ष अमित गुप्ता, संयुक्त महामंत्री हरी अग्रवाल, प्रदेश कोषाध्यक्ष कमल फतेहपुरिया, गोपाल महेश गुप्ता, अवधेश कौशल, अनिल कुमार गोयल उपस्थित रहे।


वाइन शॉप के विरोध में प्रदर्शन करते व्यापारी व अन्य।

### वाइन शॉप के विरोध में प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** विकास नगर थाना क्षेत्र में लेखराज पन्ना मार्केट में बुधवार शाम से वाइन शॉप खुलने से स्थानीय व्यापारी एवं नागरिक भड़क उठे। विकास नगर आदर्श व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुनील पांडे के नेतृत्व में व्यापारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने अपर जिलाधिकारी ट्रांस गोमती एवं अन्य अधिकारियों को नियम विरुद्ध खुल रही दुकान बंद कराने की मांग की। प्रदर्शन में मोहम्मद फुरकान, डॉ. गौतम साहनी, डॉ. मनीष सक्सेना, मोहम्मद फैसल, डॉ. स्वाति गुप्ता, अधिवक्ता राजीव तिवारी, पप्पू, नासिर ,हैदर ,पंकज ,आलोक, विनोद यादव आदि शामिल रहे।

**आयोजन** | एसजीपीजीआई में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस सप्ताह समारोह की शुरुआत

# वेबिनार, प्रश्नोत्तरी और चित्रकला प्रतियोगिता होगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** एसजीपीजीआई में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस सप्ताह समारोह की शुरुआत हुई। इसमें सात दिन अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग वेबिनार, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, चित्रकला, फोटोग्राफी प्रदर्शनी के अलावा रक्तदान शिविर लगाया जाएगा।

कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए सीएमएस प्रो. देवेंद्र गुप्ता ने रोगी देखभाल में नर्सों की अहम भूमिका और स्वास्थ्य सेवाओं में उनके योगदान को रेखांकित किया। वहीं प्रो. आर. हर्षवर्धन ने बेहतर उपचार परिणामों के लिए नर्सिंग सेवाओं, कॉलेज ऑफ नर्सिंग और शैक्षणिक विभागों के बीच शोध सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्य नर्सिंग अधिकारी मंजू सिंह ने प्रभावी संचार और करुणामयी देखभाल को नर्सिंग की आधारशिला बताया।

प्रिंसिपल, कॉलेज ऑफ नर्सिंग डॉ. राधा ने अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस 2026 की थीम नर्सिंग सशक्तिकरण पर प्रकाश डालते हुए पेशे को सुदृढ़ करने में इसकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उद्घाटन सत्र के बाद उन्नत नर्सिंग पद्धतियां विषय पर वैज्ञानिक शोधपत्र प्रस्तुति आयोजित की गई। जिसमें नौ प्रतिभागियों ने समकालीन विषयों पर शोध प्रस्तुत किए। इनमें हृदय प्रत्यारोपण रोगी देखभाल प्रबंधन, यूएसजी गाइडेड माइक्रोवेव एब्लेशन में नर्सों की भूमिका, एओर्टिक एन्यूरिज्म, वेंटिलेटर-एसोसिएटेड निमोनिया और उन्नत नर्सिंग देखभाल, पीआईसीसी लाइन प्रबंधन सहित आईवी एक्सेस से जुड़े विषय प्रमुख रहे।


कार्यक्रम की शुरुआत करते प्रो. देवेंद्र गुप्ता, प्रो. आर. हर्षवर्धन व अन्य।



रक्तदान करती हुई नर्स, साथ में मौजूद अन्य स्टॉफ।

### लोहिया में 37 नर्सिंग कर्मियों ने किया रक्तदान

- **अमृत विचार, लखनऊ :** लोहिया संस्थान में नर्सिंग सप्ताह के पहले दिन बुधवार को रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें नर्सिंग संवर्ग के 37 सदस्यों ने रक्तदान किया। संस्थान के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रो. विक्रम सिंह विभागाध्यक्ष, ब्लड बैंक प्रो. सुब्रत चंद्रा, मुख्य नर्सिंग अधिकारी सुमन सिंह, नर्सिंग अधीक्षिका अल्पना चार्ल्स, अनीता लाजर सहित अन्य नर्सिंग अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रो. विक्रम सिंह ने रक्तदान करने वाले नर्सिंग कर्मियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महान मानवीय सेवा है और प्रत्येक नागरिक को समय-समय पर रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। मुख्य नर्सिंग अधिकारी सुमन सिंह ने कहा कि रक्तदान निस्वार्थ सेवा का प्रतीक है। यह न केवल जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायिनी है, बल्कि रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी सिद्ध होता है।


शिविर में मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करते स्वास्थ्य कर्मी।

### शिविर में 130 लोगों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** बोरा फाउंडेशन एवं सेवा अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में प्रभातपुरम, फैजुल्लागंज में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में 130 लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराई और विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया। 59 लोगों के नि:शुल्क आयुष्मान कार्ड बनाए गए। डॉक्टरों ने मौसमी बीमारियों से बचाव, संतुलित आहार अपनाने के सुझाव भी दिए।

## सिटी ब्रीफ

### जिला बैडमिंटन टूर्नामेंट 14 से

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहर के उभरते खिलाड़ियों को मंच देने के उद्देश्य से सुरेश चंद्र त्रिपाठी मेमोरियल लखनऊ जिला बैडमिंटन टूर्नामेंट 14 से 17 मई तक गोमती नगर स्थित विनय खंड मिनी स्टेडियम में आयोजित होगा। आयोजन स्वराज कल्याण सेवा संस्थान की देखरेख में किया जाएगा। आयोजन सचिव संजय त्रिपाठी ने बताया कि टूर्नामेंट लखनऊ बैडमिंटन एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त है और इसमें करीब 500 खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है। प्रतियोगिता में अंडर-11, 13, 15, 17 और 19 आयु वर्ग में बालक-बालिका एकल मुकाबले होंगे। साथ ही पुरुष व महिला एकल और पुरुष युगल स्पर्धाएं भी होंगी। वेटरन वर्ग (35 से 55 वर्ष से अधिक) में भी पुरुष युगल मुकाबले रखे गए हैं। विजेताओं को कुल एक लाख रुपये के नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। इच्छुक खिलाड़ी केडी सिंह बाबू स्टेडियम में प्रविष्टि जमा कर सकते हैं। आयु प्रमाण पत्र अनिवार्य रहेगा।

### परीक्षाओं का कुलपति ने किया औचक निरीक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में चल रही सम सेमेस्टर परीक्षाओं का कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों की व्यवस्थाओं, अनुशासन, प्रश्नपत्र वितरण प्रक्रिया तथा परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कुलपति ने विभिन्न परीक्षा कक्षों का भ्रमण कर विद्यार्थियों से संवाद किया और उनके अनुभवों की जानकारी ली। उन्होंने परीक्षा प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए परीक्षा नियंत्रक एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक विकास, केंद्राध्यक्ष डॉ. राजेंद्र त्रिपाठी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

### दीक्षांत समारोह की तैयारी शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में 11वें दीक्षांत समारोह की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने आयोजन को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए विभिन्न समितियों का गठन कर जिम्मेदारियां सौंप दी हैं। कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित शिक्षकों और अधिकारियों को निर्देश दिए कि समारोह में शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और अतिथियों के लिए उच्च स्तरीय व्यवस्थाएं की जाएं। तैयारियों के तहत परिसर में साफ-सफाई, साज-सज्जा, सुरक्षा, अतिथि स्वागत, मंच संचालन और तकनीकी प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विद्यार्थियों के लिए गाउन वितरण और रिहर्सल की व्यवस्था भी की जा रही है। कार्यक्रम की तिथि और मुख्य अतिथि की घोषणा जल्द होने की संभावना है।

### सभापति तक पहुंचा फीस बढ़ोतरी का मामला

**अमृत विचार , लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2026-27 से स्नातक स्तर के स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों में फीस बढ़ोतरी का प्रकरण एनएसयूआई से जुड़े कार्यकर्ताओं ने विधान परिषद के सभापति तक पहुंचा दिया है। छात्र नेता प्रिंस प्रकाश और विशाल सिंह ने बुधवार को विधान परिषद सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह से मुलाकात कर व्यापक फीस वृद्धि और छात्र नेताओं पर मुकदमे व निलंबन से जुड़े मुद्दे पर ज्ञापन सौंपा। साथ ही उनसे हस्तक्षेप की मांग उठाई। इससे पहले छात्र नेताओं के पक्ष में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह, यूपी कांग्रेस और छात्र संघ के पूर्व पदाधिकारियों ने खुलकर समर्थन देने की बात कही थी। कई विधायकों और एमएलसी ने कुलपति से वार्ता कर छात्रों के संबंध में अपने विचार भी रखे।


### बीमार विवाहिता की मौत, पति पर आरोप

**अमृत विचार,मलिहाबाद :** रहीमाबाद में बीमार महिला की इलाज के दौरान बुधवार को मौत हो गयी। मृतका की मां ने दामाद और उसके घरवालों पर आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर रहीमाबाद अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह साफ होगी। ग्राम हीरूपुर गोटईया थाना अतरौली हरदोई निवासी विमला ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी ममता (24) की शादी चार साल पहले रहीमाबाद के लोधई गांव निवासी मजदूर सुमित उर्फ सोनू से की थी। आरोप है कि सोनू और उसके घरवाले दहेज के लिए ममता को प्रताड़ित करते थे। तीन माह से ममता बीमार थी।

# ड्रोन से निगरानी, तीन सुपर जोन और 16 सेक्टर से होगी स्टेडियम की सुरक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अराजक तत्वों व टिकट ब्लैक करने वाले पुलिस के रडार पर
- सुरक्षा में 2500 से अधिक पुलिसकर्मी, एटीएस भी तैनात



**अमृत विचार:** इकाना स्टेडियम में गुरुवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) में मैच के चलते सुरक्षा व्यवस्था के लिए स्टेडियम व आसपास के इलाके को तीन सुपर जोन और 16 सेक्टर में बांटा गया है। सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों से भी निगरानी की जाएगी। टिकट ब्लैक करने वालों पर नजर रखेगी। कंट्रोल रूम से पुलिस अधिकारी ट्रैफिक के लिहाज से रूट और सुरक्षा का जायजा लेते रहेंगे। सुरक्षा में पुलिस अधिकारियों के अलावा, एंटी टेररिस्ट स्क्वायड, एंटी माइन टीम, बम स्क्वायड दस्ते, अर्ध सैनिक बल और पुलिस कर्मियों समेत 2500 से अधिक पुलिस बल तैनात किया गया है। बुधवार को सुरक्षा के संबंध में जेसीपी कानून एवं व्यवस्था बबलू कुमार ने बैठक कर पुलिस अधिकारियों को अहम दिशा निर्देश दिए हैं।

**जनता से अपील:** निर्धारित गेट एवं पार्किंग का ही इस्तेमाल करें। सुरक्षा जांच में पुलिस का सहयोग करें। किसी भी संदिग्ध सामान/व्यक्ति दिखने पर सूचना तत्काल पुलिस को दें। यातायात नियमों व डायवर्जन का पालन करें। मैच शुरू होने से पहले और छूटने के बाद सामान्य लोग डायवर्जन का ध्यान रखें।

**सुरक्षा में तैनात पुलिस**

| | |
|---|---|
| डीसीपी | 3 |
| एडीसीपी | 6 |
| एसीपी | 16 |
| इंस्पेक्टर | 35 |
| सब इंस्पेक्टर | 254 |
| सिपाही | 465 |

**यातायात व्यवस्था**

- डीसीपी 2
- एडीसीपी 3
- एसीपी 9
- इंस्पेक्टर 28
- सब इंस्पेक्टर 161
- हेड कांस्टेबल/कांस्टेबल 391
- होमगार्ड 108

**अतिरिक्त पुलिस बल**

- पीएसी 5 कंपनी पीएसी
- आरएएफ एक कंपनी
- वायरलेस यूनिट
- लोकल इंटेलिजेंस यूनिट (एलआईयू)
- एटीएस एक टीम
- वॉक-थ्रू मेटल डिटेक्टर
- बीडीएस तीन
- एंटी माइन टीम एक

**वीवीआईपी व्यवस्था**

- वीवीआईपी, खिलाड़ियों, मीडिया और आम दर्शकों के लिए पृथक मार्ग निर्धारित किए गए हैं।
- स्टेडियम के सभी गेटों पर अलग-अलग प्रवेश/निकास व्यवस्था लागू की गई है।
- स्टेडियम के भीतर व बाहर स्ट्रैटेजिक प्वाइंट्स पर पुलिस बूथ, मेडिकल बूथ और कंट्रोल यूनिट तैनात रहेगी।

### स्पोर्ट्स गैलेक्सी इलेवन बना विजेता

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्व सांसद स्व. राम पियारे सुमन की 79वीं जयंती पर पारा स्थित स्पोर्ट्स गैलेक्सी ग्राउंड में आरपीएस ट्रॉफी-26 का आयोजन हुआ। उर्मिला सुमन-द फाउंडेशन की ओर से आयोजित महिला क्रिकेट मैच में स्पोर्ट्स गैलेक्सी इलेवन ने आरपीएस इलेवन को तीन विकेट से हराकर ट्रॉफी जीत ली। पहले बल्लेबाजी करते हुए आरपीएस इलेवन ने प्रियांशी यादव के 40 रनों की मदद से 118 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्पोर्ट्स गैलेक्सी इलेवन ने आयुषी श्रीवास्तव की शानदार 42 रनों की पारी के दम पर रोमांचक जीत दर्ज की।

# विराट चुनौती में एलएसजी की साख दांव पर

## मुकाबला आज, हार का क्रम तोड़ घरेलू मैदान पर एलएसजी को पहली जीत की दरकार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- इकाना स्टेडियम में शाम 7:30 बजे से होगा मैच

**अमृत विचार :** आईपीएल में गुरुवार को लखनऊ सुपर जायंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच मुकाबला इकाना स्टेडियम में शाम 7:30 बजे से खेला जाएगा। जहां एक ओर आरसीबी अंक तालिका में दूसरे स्थान पर रहते हुए टॉप-2 में अपनी जगह मजबूत करने उतरेगी, वहीं एलएसजी के लिए यह मुकाबला प्रतिष्ठा बचाने और हार के क्रम को तोड़ने की बड़ी परीक्षा होगी। आरसीबी इस सीजन में शानदार फॉर्म में नजर आई है और टीम की बल्लेबाजी की अगुवाई विराट कोहली कर रहे हैं, जिन्होंने 9 मैचों में 379 रन बनाए हैं। उनके साथ देवदत्त पडिक्कल और कप्तान रजत पाटीदार ने टीम को मजबूती दी है। गेंदबाजी में भुवनेश्वर कुमार 17 विकेट लेकर शीर्ष पर हैं और जोश हेजलवुड उनका अच्छा साथ निभा रहे हैं। पिछले मुकाबले में भी आरसीबी ने एलएसजी को 5 विकेट से हराया था। दूसरी ओर, एलएसजी का प्रदर्शन इस सीजन में निराशाजनक रहा है। टीम लगातार छह मैच हार चुकी है और घरेलू मैदान पर जीत का खाता भी नहीं खोल पाई है। कप्तान ऋषभ पंत, मिचेल मार्श और निकोलस पूरन जैसे बल्लेबाज उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। हालांकि गेंदबाजी में प्रिंस यादव (13 विकेट) और मोहसिन खान (10 विकेट) ने कुछ हद तक प्रभावित किया है, लेकिन मोहम्मद शमी की फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है।

अब तक दोनों टीमों के बीच 7 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें 5 बार आरसीबी ने जीत दर्ज की है, जबकि एलएसजी केवल 2 मैच जीत सकी है। ऐसे में आंकड़े भी आरसीबी के पक्ष में नजर आते हैं, लेकिन घरेलू मैदान पर एलएसजी वापसी की पूरी कोशिश करेगी।

### आरसीबी को बड़े स्कोर की उम्मीद: मालोलन

- **अमृत विचार, लखनऊ :** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के स्पिन बॉलिंग कोच मालोलन रंगराजन ने इकाना स्टेडियम की पिच को संतुलित बताते हुए कहा कि यहां बल्लेबाजी उतनी कठिन नहीं है, जितना बताया जा रहा है। उन्होंने पिच को लेकर हो रही आलोचनाओं को खारिज करते हुए कहा कि यह सतह गेंदबाज और बल्लेबाज दोनों को बराबर अवसर देती है। रंगराजन ने भरोसा जताया कि आरसीबी के बल्लेबाज किसी भी परिस्थिति में बेहतर प्रदर्शन करने में सक्षम हैं और आगामी मुकाबले में टीम बड़ा स्कोर खड़ा कर सकती है। उन्होंने खिलाड़ी जितेश शर्मा की फॉर्म पर कहा कि वह प्रतिभाशाली हैं और कभी भी दमदार वापसी कर सकते हैं। कोच ने यह भी स्पष्ट किया कि टीम का माहौल सकारात्मक है और सभी खिलाड़ी अगले मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए तैयार हैं।



मालोलन रंगराजन

### हार से नहीं टूटी हिम्मत, आरसीबी को बड़े स्कोर की उम्मीद : क्लूजनर

- **अमृत विचार, लखनऊ :** अमृत विचार : मौजूदा सीजन में लखनऊ सुपर जायंट्स की प्लेऑफ की उम्मीदें भले ही लगभग खत्म हो चुकी हों, लेकिन टीम का मनोबल मजबूत है। यह बात सहायक कोच लांस क्लूजनर ने इकाना स्टेडियम में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कही। उन्होंने कहा कि टीम के पास अब खोने के लिए कुछ नहीं, लेकिन साबित करने के लिए बहुत कुछ बाकी है। एलएसजी अब अपने ब्रांड, ड्रेसिंग रूम के सम्मान और प्रशंसकों के लिए मैदान में उतरेगी। आगामी मुकाबलों में टीम प्रबंधन युवाओं को मौका देने की रणनीति पर काम कर रहा है। अर्जुन तेंदुलकर, जिन्हें मुंबई इंडियंस से ट्रेड किया गया था, अब तक नहीं खेले हैं, लेकिन नेट्स में उनकी यॉर्कर गेंदबाजी से कोचिंग स्टाफ प्रभावित है। क्लूजनर ने उन्हें मैच के लिए तैयार बताया। पिछले मैच में 228 रन बनाना टीम के लिए सकारात्मक रहा। निकोलस पूरन ने 21 गेंदों में 63 रन बनाकर आत्मविश्वास बढ़ाया। हालांकि क्लूजनर ने माना कि गेंदबाजी में सुधार जरूरी है। क्लूजनर ने कहा कि इम्पैक्ट प्लेयर चयन मैच की स्थिति पर निर्भर करता है। एम सिद्धार्थ जैसे खिलाड़ियों का चयन पिच और परिस्थितियों के आधार पर किया जाता है। टीम शेष मैचों में बेहतर प्रदर्शन कर सीजन का सकारात्मक अंत करना चाहती है।



लांस क्लूजनर

# शकुंतला विवि बना आईआईटी रुड़की का वर्चुअल लैब्स नोडल सेंटर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को आईआईटी रुड़की के साथ अब वर्चुअल लैब्स के माध्यम से ऑनलाइन प्रायोगिक (प्रैक्टिकल) करने की सुविधा मिलेगी। विश्वविद्यालय को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की की ओर से वर्चुअल लैब्स नोडल सेंटर के रूप में स्वीकृति प्रदान की गई है। यह मान्यता 31 दिसंबर तक प्रभावी रहेगी। इसके संचालन और समन्वय के लिए विश्वविद्यालय की डॉ. विनोदानी कटियार को नोडल कोऑर्डिनेटर बनाया गया है।

वर्चुअल लैब्स में आईआईटी रुड़की के सॉफ्टवेयर का उपयोग कर उच्च गुणवत्ता वाली तकनीकी शिक्षा उपलब्ध हो सकेगी और छात्र कहीं से भी प्रयोग कर अपनी समझ को मजबूत कर सकेंगे। आईआईटी रुड़की की ओर से जारी पत्र के अनुसार विश्वविद्यालय को आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर (कंप्यूटर और इंटरनेट सुविधा सहित) स्वयं उपलब्ध कराना होगा। प्रत्येक सेमेस्टर में कम से कम एक वर्कशॉप आयोजित करना अनिवार्य होगा और छात्रों से इस सुविधा के लिए कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। इसके अलावा नोडल कोऑर्डिनेटर को समय-समय पर आईआईटी रुड़की में आयोजित बैठकों में भाग लेना होगा और वर्चुअल लैब्स के उपयोग और फीडबैक की रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। निर्धारित मानकों और साइबर सुरक्षा नियमों का पालन करना भी अनिवार्य रहेगा।

> वर्चुअल लैब्स नोडल सेंटर बनने से छात्रों को आधुनिक तकनीक के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण प्रायोगिक शिक्षा मिलेगी। विशेष रूप से दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए यह पहल सीखने की प्रक्रिया को और अधिक सुलभ और प्रभावी बनाएगी। विश्वविद्यालय भविष्य में भी ऐसी नवाचार आधारित पहल को बढ़ावा देता रहेगा।
>
> **- आचार्य संजय सिंह, कुलपति डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विवि**



टेनिस टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में खेलते खिलाड़ी विवान बिदासारिया।



प्री क्वार्टर फाइनल के दौरान शॉट लगाते रिभव सरोहा। ● अमृत विचार

# नीशा, प्रार्थना, रिद्धि व शाजफा अंतिम चार में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आईटीएफ जूनियर जे30 लखनऊ टेनिस टूर्नामेंट

**अमृत विचार:** आईटीएफ जूनियर जे30 लखनऊ टेनिस टूर्नामेंट में बुधवार को प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई बड़े उलटफेर किए। यूपीटीए और केसरी स्पोर्ट्स की देखरेख में आयोजित प्रतियोगिता में क्वालीफायर खिलाड़ियों ने वरीय खिलाड़ियों को हराकर अपनी दावेदारी मजबूत की। बालिका वर्ग में भारत की नीशा एंजा, प्रार्थना खेडकर, रिद्धि शिंदे और शाजफा वानिया ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए वरीय खिलाड़ियों को मात दी और अंतिम चार में जगह बनाई।

वहीं, बालक वर्ग में भी मुकाबले रोमांचक रहे। क्वालीफायर पार्थिव नल्लागुंडला ने चौथी वरीयता प्राप्त रवि तेजस को 4-6, 6-4, 6-2 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। पहले सेट में हार के बाद पार्थिव ने दमदार वापसी करते हुए अगले दोनों सेट अपने नाम किए। एक अन्य मुकाबले में क्वालीफायर श्रेयंत महंतेशा 6-3, 2-1 से आगे थे, तभी पांचवीं वरीयता प्राप्त अहान शेट्टी के मैच छोड़ने पर उन्हें वॉकओवर मिला और उन्होंने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

इसके अलावा चुक्का लक्ष्य वर्द्धन ने दूसरी वरीयता प्राप्त विवान बिदासारिया को 6-2, 7-5 से हराकर एक और उलटफेर दर्ज किया। खिलाड़ियों के इस प्रदर्शन ने आगामी मुकाबलों को लेकर उत्सुकता बढ़ा दी है।

# गलत प्रश्नपत्र से परीक्षा में हड़कंप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय के दर्शन शास्त्र विभाग में बीए चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा के दौरान बड़ी अव्यवस्था सामने आई। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पाश्चात्य नैतिक शास्त्र (वेस्टर्न एथिक्स फिलॉस्फी) की परीक्षा होनी थी, लेकिन उसकी जगह पाश्चात्य दर्शन (वेस्टर्न फिलॉस्फी) का प्रश्नपत्र दे दिया गया। इससे परीक्षा केंद्रों पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

अचानक बदले प्रश्नपत्र से अनभिज्ञ छात्र-छात्राएं परेशान हो उठे। कई छात्राएं रोने लगीं और विद्यार्थियों ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई। आरोप है कि स्थिति स्पष्ट होने के बजाय छात्रों को उसी प्रश्नपत्र पर परीक्षा देने के लिए बाध्य किया गया। घटना के बाद आक्रोशित छात्रों ने परीक्षा नियंत्रक कार्यालय का घेराव किया और दोबारा परीक्षा कराने की मांग उठाई। इस दौरान छात्र नेता एवं समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अभिषेक श्रीवास्तव 'बाबू' ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है, इसलिए निष्पक्षता के लिए पुनः परीक्षा कराई जाए। प्रदर्शन में सर्वेश यादव, पीयूष चावला, सर्वज्ञ प्रताप सिंह, जतिन यादव, अनुराग चौधरी, अभिषेक राज सिंह, गुलशन, रोहित, विकास राठौर, अर्चित, आकर्ष मिश्र, सूर्या प्रताप सिंह, शिवा सोनकर, गगनदीप सिंह, आशीष राज और शिखर देवेश पाठक सहित बड़ी संख्या में छात्र मौजूद रहे।

# लविवि : परास्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 10 कॉलेज शामिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- नवयुग, नारी, खुन खुन जी बीएसएनवी और कालीचरण पीजी समेत कई कॉलेज जुड़े



**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2026-27 केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया से परास्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 10 वित्तपोषित, अल्पसंख्यक कॉलेज शामिल हैं। जिसकी जानकारी पीजी पाठ्यक्रमों के लिए जारी ब्रोशर में पाठ्यक्रमवार दी गई है। इससे जिन विद्यार्थियों को एलयू में दाखिला नहीं मिलेगा, उन्हें सीधे कॉलेजों में प्रवेश का मौका मिल सकेगा।

प्रवक्ता प्रोफेसर मुकुल श्रीवास्तव ने बताया कि विवि की केंद्रीयकृत प्रवेश व्यवस्था से नारी शिक्षा निकेतन पीजी कॉलेज में एमए हिन्दी, नवयुग कन्या महाविद्यालय में एमए अर्थशास्त्र व एमकॉम, लखनऊ क्रिश्चियन डिग्री कॉलेज में बीपीएड रेगुलर फिजिकल एजुकेशन, बीएसएनवीपीजी कॉलेज में एमए हिन्दी, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, एमएससी भूगर्भ विज्ञान, रसायन विज्ञान, जूलॉजी, गणित, भौतिक विज्ञान व एमकॉम कॉमर्स में प्रवेश का मौका मिलेगा। इसी तरह कालीचरण पीजी कॉलेज में एमए समाजशास्त्र, हिन्दी, राजनीति विज्ञान, शिक्षाशास्त्र, एमकॉम कॉमर्स व अप्लाइड, खुन खुन जी गर्ल्स डिग्री कॉलेज में एमए शिक्षाशास्त्र, समाजशास्त्र, हिन्दी व राजनीति विज्ञान, एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स कॉलेज में एमए हिन्दी व समाजशास्त्र, करामत हुसैन मुस्लिम गर्ल्स पीजी कॉलेज में एमए अंग्रेजी और अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज में एमए सेल्फ फाइनेंस अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान, भूगोल व शिक्षाशास्त्र कोर्स में एडमिशन का अवसर प्राप्त होगा।

# नौकरीशुदा व्यक्तियों का ई-एमबीए में आवेदन शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- व्यक्तिगत साक्षात्कार के जरिए दिया जाएगा दाखिला

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2026-27 प्रवेश प्रक्रिया के तहत एग्जीक्यूटिव एमबीए पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन की शुरूआत हो गई है। नौकरीशुदा व्यक्तियों और उद्यमियों के लिए शुरू हुए ई-एमबीए कोर्स की कुल 30 सीटों पर आवेदन मांगे गए हैं। इन सभी का प्रवेश साक्षात्कार के जरिए लिया जाएगा। इसमें कई सरकारी अधिकारियों से लेकर निजी क्षेत्र की कई बड़ी कंपनियों में कार्य कर रहे कर्मचारियों के लिए आवेदन का सुनहरा अवसर होगा।

प्रवक्ता प्रोफेसर मुकुल श्रीवास्तव ने बताया कि एलयू के प्रबंध अध्ययन संकाय के प्रबंध विभाग में सत्र 2024-25 से ई-एमबीए कार्यक्रम को आरंभ किया गया था। यह कोर्स विशेष रूप से कामकाजी पेशेवरों और उद्यमियों के लिए डिजाइन किया गया है। जिससे वह अपने बिजनेस और करियर को आगे बढ़ा सकें। प्रवक्ता के अनुसार, ई-एमबीए पाठ्यक्रम को पांच स्ट्रीम कोर कोर्स, मार्केटिंग, फाइनेंस, ह्यूमन रिसोर्स और इंटरनेशनल बिजनेस में शुरू किया गया है।

**तकनीक** | आईसीएसएसआर की ओर से लविवि की प्रोफेसर रोली मिश्रा को मिली जिम्मेदारी

# महिलाओं की डिजिटल सुरक्षा का 'स्त्री सक्षम' ऐप लांच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- महिलाओं के बीच डिजिटल तकनीक की पहुंच, उपयोग और जागरूकता का तुलनात्मक अध्ययन होगा



**अमृत विचार:** महिलाओं में डिजिटल साक्षरता और साइबर सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आईसीएसएसआर प्रायोजित शोध परियोजना स्त्री-सक्षम के अंतर्गत स्त्री सक्षम मोबाइल ऐप का गूगल प्ले स्टोर पर औपचारिक शुभारम्भ किया गया। यह परियोजना इंडियन काउंसिल ऑफ सोशल साइंस रिसर्च नई दिल्ली की ओर से लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रो. रोली मिश्रा और आईआईआईटी ऊना, हिमाचल प्रदेश की डॉ. निष्ठा हूडा को प्रदान की गई है। यह ऐप महिलाओं को सुरक्षित डिजिटल उपयोग, साइबर सुरक्षा और तकनीकी जागरूकता से जोड़ने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। इसके माध्यम से डिजिटल बहिष्करण, साइबर असुरक्षा और संसाधनों तक असमान पहुँच जैसी चुनौतियों को कम करने का प्रयास किया जाएगा। परियोजना के तहत हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश के लखनऊ, कानपुर नगर, नोएडा, शिमला, हमीरपुर और ऊना सहित विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के बीच डिजिटल तकनीक की पहुंच, उपयोग और जागरूकता का तुलनात्मक अध्ययन किया जाएगा। इसके लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की विभिन्न आयु वर्ग की महिलाओं पर सर्वेक्षण किया जाएगा। परियोजना निदेशकों के अनुसार, यह पहल महिलाओं को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित और सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करेगी। यह प्रयास केंद्र सरकार की डिजिटल समावेशन की नीति और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के अनुरूप है।

### आधुनिक तकनीक से करेंगे शोध

- शोध में पारिवारिक सहयोग, शिक्षा स्तर, आर्थिक स्थिति और सामाजिक मान्यताओं जैसे पहलुओं का विश्लेषण आधुनिक तकनीकों की मदद से किया जाएगा, ताकि महिलाओं के डिजिटल हाशियाकरण के वास्तविक कारण सामने आ सकें। साथ ही स्थानीय भाषाओं में साइबर सुरक्षा और डिजिटल साक्षरता के प्रशिक्षण मॉड्यूल भी विकसित किए जाएंगे।

# बीटेक, बीफार्मा, एमबीए समेत छह पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम जारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2026-27 सम सेमेस्टर परीक्षा के तहत स्नातक व परास्नातक स्तर के छह पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। जिसे विद्यार्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर परीक्षा सेक्शन में देख सकते हैं। इस संबंध में परीक्षा नियंत्रक की ओर से सूचना जारी कर दी गई है।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि बीटेक व बीफार्मा चतुर्थ, छठे व आठवें सेमेस्टर, बीसीए चतुर्थ व छठे सेमेस्टर, एमबीए फाइनेंस एंड अकाउंटिंग, एमबीए लुम्बा और एमटेक पार्ट टाइम चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम घोषित हुआ है।

### एलएलबी के नतीजे जारी

- एलयू में विषम सेमेस्टर परीक्षा के तहत एलएलबी तीन वर्षीय और एलएलबी इंटीग्रेटेड प्रथम सेमेस्टर का नतीजा जारी कर दिया गया है। जिसे विद्यार्थी एलयू की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर लॉगिन सेक्शन में उपलब्ध समर्थ स्टूडेंट्स लॉगिन पर जाकर देख सकते हैं।

### प्रवक्ता परीक्षा को लेकर सेंटर बदला

- परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि नौ मई को मुमताज पीजी कॉलेज में उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की ओर से प्रवक्ता परीक्षा आयोजित होनी है। जिसे लेकर परीक्षा केंद्र में बदलाव किया गया है। अब नौ मई को प्रात : और सायं पाली की सभी परीक्षाएं मुमताज कॉलेज की बजाय एलयू मुख्य परिसर में पूर्व निर्धारित परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार होगी।